रोहतक
गुरुवार, 4 जुलाई 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 158
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.7
न्यून. 29.6

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



05 आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक

हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : जुलाई
दिनांक : 4 जुलाई 2024

## खबर संक्षेप

### हरियाणा कैबिनेट की बैठक 12 जुलाई को

**चंडीगढ़।** हरियाणा कैबिनेट की एक अहम बैठक 12 जुलाई को बुलाई गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह बैठक सुबह 11 बजे चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में होगी। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में कर्मचारियों के मुद्दे और नौकरियों को लेकर फैसले लिए जा सकते हैं। इसके अलावा सरकार विधानसभा चुनाव से पहले विकास की कई परियोजनाओं को हरी झंडी दे सकती है। ब्यूरो

### मोदी को बर्खास्त करने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा से बर्खास्त करने संबंधी याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसमें लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने कहा कि वह इस मामले में एकल न्यायाधीश के फैसले से सहमत है। एकल न्यायाधीश ने पहले ही याचिका खारिज कर दी थी। भाषा

### आडवाणी 7 दिन में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी को सात दिन में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। स्वास्थ्य को लेकर कुछ दिक्कत महसूस होने के बाद उन्हें बुधवार रात 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल लाया गया। अस्पताल में उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले 26 जून को भी उन्हें एम्स में भर्ती करवाया गया था। डॉक्टरों ने यहां आडवाणी का एक छोटा सा ऑप्रेशन किया था। इसके बाद अगले ही दिन छुट्टी दे दी थी। अब दूसरी बार भर्ती हुए हैं। एजेंसी

### सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने 'अलविदा' कहा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच एक्स को टक्कर देने वाला घरेलू सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने 'कड़े फैसलों' के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा और इसे 'अलविदा'' कहा। लिंक्डइन पर पोस्ट में मंच के सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने घोषणा की कि मंच जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। अब यह काम नहीं करेगा। भाषा

**राज्यसभा में पीएम मोदी का जवाब विपक्ष ने किया वॉकआउट**

# पेपर लीक के दोषियों को छोड़ेंगे नहीं, कश्मीर में आतंकवाद अंतिम चरण में, हम इसे नेस्तनाबूत करने की ओर बढ़ रहे

**विपक्ष सिर्फ आरोप लगाना जानता है, सुझाव देना नहीं**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। 1 घंटा 50 मिनट के भाषण में पीएम ने नीट-यूजी, मणिपुर संविधान, कांग्रेस, बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, सीबाआई-ईडी, फेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा, राहुल, दलितों पर बोले। पीएम जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट कर दिया। मोदी ने नीट-यूजी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में विपक्ष पर कोई सकारात्मक सुझाव देने के बजाय केवल राजनीति करने का आरोप लागया। मोदी ने युवाओं को आश्वासन दिया कि ऐसे मामलों में दोषियों को 'सख्त से सख्त' सजा दिलवाई जाएगी। दोषियों को छोड़ेंगे नहीं। वहीं, उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद अब अंतिम चरण में है। राज्य का विकास हो रहा है।



### राजनीति की भेंट चढ़ा दिया मुद्दा

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी अपेक्षा थी कि चर्चा के दौरान विपक्षी दलों के सदस्य दलीय अपेक्षाओं से ऊपर उठकर पेपर लीक के विषय पर अपनी राय रखते। 'लेकिन दुर्भाग्य से इतना संवेदनशील मुद्दा, मेरे देश के नौजवानों के भाग्य से जुड़ा मुद्दा भी, इन्होंने (विपक्षी सदस्यों ने) राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है।' मोदी ने देश के युवाओं को यह आश्वासन दिया कि उन्हें धोखा देने वालों को सरकार नहीं छोड़ेगी। इन गड़बड़ियों के खिलाफ संसद में एक कानून भी सरकार ने बनाया है।

### घाटी के लोगों ने संविधान पर अटूट विश्वास रखते हुए फैसला लिया

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के एक प्रकार से अंतिम चरण में पहुंच जाने का दावा करते हुए मोदी ने कहा कि सरकार आतंकवाद के नेटवर्क को 'नेस्तनाबूद करने के लिए व्यूह रचना' के साथ आगे बढ़ रही है। जम्मू कश्मीर में हाल में हुए लोकसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों ने पिछले चार दशक के रिकार्ड को तोड़ दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासी जिस सफलता की प्रतीक्षा कर रहे थे, वह आज इतनी सहजता-सरलता से दिख रही है। कश्मीर में बीते अनेक दशकों में बंद, हड़ताल, आतंकी धमकियां, इधर-उधर धमाके की कोशिशें..एक प्रकार से लोकतंत्र पर ग्रहण बनी हुई थीं। इस बार जम्मू कश्मीर के लोगों ने 'संविधान पर अटूट विश्वास रखते हुए अपने भाग्य का फैसला लिया है। (पेज 7 भी देखें)

**एसडीएम की रिपोर्ट में दावा, बाबा के सुरक्षाकर्मियों के धक्का मारने से मची भगदड़**

*कार्यक्रम में ढाई लाख से अधिक लोगों के पहुंचने का दावा*

# हाथरस भगदड़ : मुख्य सेवादार और अन्य पर गैर इरादतन हत्या का केस

भाषा/एजेंसी ▶▶ लखनऊ/हाथरस

हाथरस के सिकंदराराऊ इलाके में सत्संग के दौरान मची भगदड़ के मामले में पुलिस ने मुख्य सेवादार व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि भगदड़ की घटना में 122 लोगों की मौत हुई है। अधिकारी ने बताया कि पोरा पुलिस चौकी के प्रभारी उप निरीक्षक बृजेश पांडे की तहरीर पर सिकंदराराऊ थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर व अन्य सेवादारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा, आयोजकों ने लाखों लोगों की भीड़ की स्थिति को छिपाते हुए इस बार 80,000 अनुयायियों के इकट्ठा होने की बात प्रशासन को बताई थी। इसके अनुसार ही सुरक्षा की व्यवस्था की थी, लेकिन सत्संग में ढाई लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे, जिससे अव्यवस्था पैदा हो गई।' वहीं, एसडीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक बाबा के सुरक्षा कर्मियों के धक्का मारने व फिसलन भरी ढलान के कारण भगदड़ मची।

**मरने वालों में फरीदाबाद की तीन महिलाएं भी शामिल**

- आयोजकों ने 80,000 के पहुंचने की सूचना दी
- एक दिन पहले कार्यक्रम में 20,000 लोगों के पहुंचने का दावा किया था
- भगदड़ में 122 की मौत 150 से अधिक घायल
- हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज मामले की जांच करेंगे
- योगी बोले-यह साजिश जैसा हादसा, लोग मरते गए, सेवादार भाग गए
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दावा अधिकांश मौतें सीने में चोट लगने और दम घुटने के कारण हुई



### चार जिलों में हुए पोस्टमार्टम

4 जिलों हाथरस, अलीगढ़, एटा और आगरा में रातभर शवों का पोस्टमॉर्टम हुआ। परिजन अपनों की लाश को लेकर इधर-उधर भटकते रहे। प्रशासन ने अब तक 121 मौत की पुष्टि की है। हालांकि मरने वालों की संख्या 122 बताई जा रही है। हादसा मंगलवार दोपहर 1 बजे फुलरई गांव में हुआ।

### घायलों से मिले सीएम योगी

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह साढ़े 11 बजे हाथरस पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। घटनास्थल गए। अफसरों से हादसे की जानकारी ली। इसके बाद कहा- यह हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गए। सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की।

**दोषियों को सजा मिलेगी :** सीएम योगी ने कहा कि जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। हाईकोर्ट के रिटायर जज, पुलिस के वरिष्ठ अफसरों की टीम जांच करेगी, दोषियों को सजा मिलेगी। **सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में याचिका :** प्रयागराज के वकील गौरव द्विवेदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर करके हादसे की सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट में वकील विशाल तिवारी ने भी एक याचिका दाखिल की। इसमें रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 5 विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच की मांग की गई है।

### हादसे का यह बताया कारण

प्रशासन का कहना है कि 'सत्संग के मुख्य प्रवचनकर्ता सूरजपाल उर्फ 'भोले बाबा' प्रवचन के बाद वह गाड़ी में सवार होकर आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तभी अनुयायियों ने उनकी गाड़ी के मार्ग से धूल समेटना शुरू कर दिया। इस दौरान लाखों की भीड़ के दबाव के कारण कुछ लोग कुचल गए।' 'भीड़ को आयोजन समिति और सेवादारों ने जबरन रोक दिया, जिसकी वजह से भी भीड़ का दबाव बढ़ता गया और महिलाएं, बच्चे व पुरुष उसमें दबते-कुचलते चले गए। आयोजकों और सेवादारों के कारण निर्दोष लोग मारे गए।

*बाबा ने कहा, कुछ असामाजिक तत्वों ने भगदड़ मचाई। उनकी वजह से इतने सारे लोग मारे गए।*

**प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को झटका**

# दिसंबर तक हर यूनिट पर देने होंगे 47 पैसे



### बिजली निगम चार माह एफएसए वसूलता रहेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में अक्टूबर में संभावित विधानसभा चुनाव से पहले लाखों बिजली उपभोक्ताओं को झटका लगा है। बिजली निगम ने दिसंबर 2024 तक 47 पैसे प्रति यूनिट का फ्यूल सरचार्ज एडजस्टमेंट (एफएसए) जारी रखने का फैसला है। एफएसए, जो 1 अप्रैल 2023 से 30 जून 2024 तक लगाया जा रहा था, गैर-कृषि उपभोक्ताओं और 200 यूनिट प्रतिमाह से कम खपत करने वाले उपभोक्ताओं पर 4 महीने तक लगाया जाता रहेगा। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के जारी एक पत्र में कहा गया है कि बिजली उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों पर मौजूदा एफएसए 47 पैसे प्रति यूनिट दिसंबर 2024 तक जारी रहेगा।

### क्या होता है एफएसए

एफएसए विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अल्पकालीन समझौतों के माध्यम से अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था करने में व्यय की गई राशि की वसूली के लिए किया जाता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि एफएसए का शुल्क विभिन्न वैधानिक निकायों द्वारा बनाए गए विभिन्न नियमों और विनियमों के अनुसार लगाया गया था, जिसमें बिजली नियामक-हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) शामिल है।

### बिल में क्या पड़ेगा फर्क

एफएसए जारी रखने के फैसले से हर महीने उपभोक्ता को लगभग 100 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। इसको हम ऐसे समझ सकते हैं कि यदि आपका बिल 200 यूनिट आता है तो हर यूनिट पर 47 पैसे जुड़ेंगे, यानी कि लगभग 94 रुपये आपके बिल में एफएसए के जुड़ जाएंगे। इससे ज्यादा बिल आने पर आपको उसी के अनुसार भुगतान करना होगा। यदि आप दो महीने में बिल का भुगतान करते हैं तो कुल 400 यूनिट के हिसाब से 188 रुपये देने होंगे।

**शुक्रवार को होगी सुनवाई**

### जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**नई दिल्ली (भाषा)।** शराब नीति घोटाले में सीबीआई की तरफ से दर्ज कराए गए भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट इस पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जुलाई को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। केजरीवाल शराब नीति से जुड़े ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद थे। वहीं, दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 12 जुलाई तक बढ़ा दी।



**सीएम चंपई का इस्तीफा**

### हेमंत ने सरकार बनाने का दावा पेश किया, आज ले सकते हैं शपथ

**रांची (भाषा)।** झारखंड के सीएम चंपई सोरेन ने बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। वे गुरुवार को शपथ ग्रहण कर सकते हैं। इससे पहले, चंपई सोरेन के आवास पर एक बैठक में सर्वसम्मति से हेमंत को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक दल का नेता चुना। चंपई ने राजभवन से बाहर आने के बाद कहा, मैंने झामुमो नीत गठबंधन के फैसले के अनुसार इस्तीफा दे दिया है। हमारा गठबंधन मजबूत है। सभी जानते हैं कि हेमंत सोरेन के साथ क्या हुआ था...गठबंधन सहयोगियों ने मुझे जिम्मेदारी दी थी। मैंने उसे बखूबी निभाया।



**एनसीएईआर शोधपत्र में दावा**

### भारत में गरीबी घटकर 8.5 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली (भाषा)।** आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर के शोधपत्र में कहा गया है कि कोविड से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2% से घटकर 2022-24में 8.5% पर आ गई। एनसीएईआर के शोधपत्र में भारत मानव विकास सर्वेक्षण की हाल ही में पूरी हुई तीसरी श्रृंखला के आंकड़ों के साथ पहली और दूसरी श्रृंखला के आंकड़ों का भी इस्तेमाल किया है। यह शोधपत्र 'बदलते समाज में सामाजिक सुरक्षा दायरा पर पुनर्विचार' पर केंद्रित है। शोधपत्र कहता है कि 2004-2005 और 2011-12 के बीच गरीबी में उल्लेखनीय कमी आई और यह 38.6 प्रतिशत से घटकर 21.2 प्रतिशत रह गई। अब यह 8.5% पर आ गई।






**10 सितंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन, कृषि विभाग का 65 स्टार्टअप का लक्ष्य, 7 करोड़ का प्रावधान**

*एचएयू ने शुरू की पहल एबिक के माध्यम से दिया जाएगा अनुदान*

# कृषि क्षेत्र में कारोबार के लिए आइडिया दें स्टार्टअप के लिए मिलेंगे 4 से 25 लाख

**हिसार (हरिभूमि न्यूज)।** अगर आप भी कृषि क्षेत्र में काम शुरू करना चाहते हैं और आपके पास कारोबार करने के लिए कोई बेहतरीन आइडिया है तो देर मत करिये और 10 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन करें। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय(एचएयू) में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, केंद्र सरकार के सहयोग से स्थापित एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के माध्यम से आपको 4 लाख से 25 लाख रुपये तक की अनुदान राशि दिला सकता है। इसलिए जल्दी कीजिये और अपने आईडिया को शेयर करें। अनुदान राशि एबिक के माध्यम से ही दी जाएगी। इसके लिए एचएयू वेबसाइट www.hau.ac.in पर 10 सितम्बर तक ऑनलाइन आवेदन करना है।

### यह मिलेगी राशि

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि इस सेंटर के माध्यम से युवा, छात्र, किसान, महिला उद्यमी मार्केटिंग, नेटवर्किंग, लाइसेंसिंग, ट्रेडमार्क, पेटेंट, तकनीकी व फंडिग से संबंधित प्रशिक्षण लेकर कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। **इसके लिए छात्र कल्याण, 'पहल' एवं 'सफल'-2024 नाम से तीन प्रोग्राम लॉन्च किए गए हैं।**



**2. पहल :** इस प्रोग्राम के तहत चयनित उम्मीदवार को एक माह का प्रशिक्षण व 5 लाख तक की अनुदान राशि दी जाएगी। यह राशि एकमुश्त मिलेगी।

**3. सफल :** इसके तहत चयनित उम्मीदवार को एक माह का प्रशिक्षण व 25 लाख तक की अनुदान राशि दी जाएगी। यह राशि दो किश्तों में दी जाएगी।

### कृषि मंत्रालय का लक्ष्य

5 साल में 65 स्टार्टअप्स को केंद्रीय कृषि एवं कृषि कल्याण मंत्रालय द्वारा 7 करोड़ की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। इससे कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू होंगे। इस मौके कुलपति ने कार्यक्रमों से संबंधित विवरण पुस्तिका का विमोचन भी किया।

### आयु व शिक्षा बाधक नहीं

आवेदक को आइडिया का प्रपोजल एचएयू की वेबसाइट hau.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन करना है। यह निःशुल्क है। इसके बाद उस आइडिया का यूनिवर्सिटी वैज्ञानिक व इंक्यूबेशन कमेटी द्वारा माह के प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। एक माह के प्रशिक्षण के बाद केंद्र सरकार द्वारा गठित कमेटी आवेदक के आइडिया को प्रस्तुत करवाएगी और चयनित आवेदक को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा अनुदान राशि दी जाएगी। इसके लिए आयु और शिक्षा बाधक नहीं है।

**1. छात्र कल्याण** यह प्रोग्राम छात्रों के लिए पहली बार प्रारंभ किया गया है जो छात्रों को उद्यमी बनाने में मदद करेगा। इसके तहत केवल छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। चयनित छात्र को एक माह का प्रशिक्षण व 4 लाख तक की अनुदान राशि दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सफाई व्यवस्था में कोताही सहन नहीं

**चंडीगढ़।** उद्योग एवं वाणिज्य और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मूलचंद शर्मा ने बरसात के मद्देनजर बल्लभगढ़ विधानसभा में सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सेक्टर-3 तिगांव रोड स्थित डिस्पोजल पर पहुंचकर सीवर की सफाई के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि इसमें कोताही सहन नहीं होगी।

### सरकार ने यू- टर्न का रिकॉर्ड बनाया : सैलजा

**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अब सत्ता से बेदखल होने के डर से हर रोज यू-टर्न लेने में लगी है। लेकिन, यू-टर्न का रिकॉर्ड बनाने के बाद भी अब इनका सत्ता में बने रहना नामुमकिन है। मनोहर लाल ने जो गड्ढे प्रदेश के तीन करोड़ लोगों के लिए बतौर मुख्यमंत्री खोदे, उन्हें पूरी तरह से आट देने का रत्ती भर फायदा भी नायब सिंह सैनी व भाजपा को नहीं होगा।

### प्रदेश में पुलिसकर्मी भी सुरक्षित नहीं : इनेलो

**चंडीगढ़।** इनेलो प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा कि प्रदेश में आम जनता की रक्षा करने वाली पुलिस ही सुरक्षित नहीं है। करनाल में क्राइम ब्रांच के एएसआई की बदमाशों ने सरेआम गोलियां मार कर हत्या कर दी। इससे पहले भी भाजपा के राज में कई पुलिस वालों की गोली मारकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि बदमाशों में सरकार का कोई भय नहीं है।

### पार्कों में प्ले स्टेशन बनाने के लिए मंजूरी

**पंचकूला।** नगर निगम पंचकूला की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में शहर में विभिन्न पार्कों में प्ले स्टेशन बनाने के लिए मंजूरी दे दी गई है। महापौर कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठक में पार्कों के प्ले स्टेशन बनाने के लिए दो प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिसे स्वीकृति प्रदान कर दी।

### कांग्रेस के झूठ की पोल खोलने के लिए घर-घर जाकर कार्यकर्ता प्रचार करें

# सीएम बोले-अधिकारी अपनी कार्यशैली में बदलाव लाएं, मेरी चक्की जल्दी पीसती है

## मुख्यमंत्री ने सिरसा में कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने का दावा
- कार्यकर्ताओं को परेशान करने वालों को सहन नहीं करेंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं के सामने आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को झूठ को रोकने की चुनौती है। कार्यकर्ता सतर्क रहते हुए घर-घर जाकर कांग्रेस के झूठ का पर्दाफाश करते हुए सरकार द्वारा जनहित में किए गए कामों को जनता के समक्ष रखें ताकि दिल्ली की तरह हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बन सके। मुख्यमंत्री बुधवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं को कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने संविधान बदलने का भ्रम फैलाया, उसकी वजह से हरियाणा में भाजपा को पांच सीटें मिली। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता कांग्रेस की झूठ व गुमराह करने की साजिश का जवाब दें और दो माह में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 6 गुणा अधिक काम करें ताकि एक बार फिर केंद्र की तरह प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन सके। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि अधिकारी व कर्मचारी अपने व्यवहार में तब्दील लाएं पार्टी कार्यकर्ता को परेशान करने की कोशिश की तो उसे परेशानी में डाल दिया जाएगा। साथ नायब सैनी ने कहा कि उनका एजेंडा स्पष्ट है क्योंकि मेरी चक्की बारीक के साथ-साथ जल्दी भी पिसती है इसलिए कोई अधिकारी मुगालते में न रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया है। 2014 से पहले हरियाणा में ट्यूबवेल के लिए 3 घंटे व घर के लिए केवल 5-6 घंटे बिजली मिलती थी, लेकिन अब 24 घंटे बिजली मिल रही है। पहले पैसे में नौकरी मिलती थी और अब मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं।



### कांग्रेस नेता को राहुल को ज्ञानवर्धक पुस्तक दें

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को राहुल गांधी को ज्ञानवर्धक पुस्तक देनी चाहिए ताकि वह हिंदुस्तान व हिंदुओं के इतिहास के बारे में पढ़ सकें। नरेंद्र मोदी पर संविधान बदलने का आरोप मंढने वाले राहुल गांधी की तीन पीढ़ियों ने संविधान का अपमान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने धारा 370 स्थापित करके संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ किया और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का संविधान सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। हरियाणा में बाबू-बेटा की पार्टी है।



### राजेंद्र सिंह देसूजोधा समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**सिरसा।** कालांवाली से विधानसभा चुनाव लड़ चुके राजेंद्र सिंह देसूजोधा बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा के चुनाव चिन्ह कमल वाला अंग वस्त्र पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया और कहा कि उन्हें व उनके सभी समर्थकों को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सिरसा के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में राजेंद्र सिंह देसूजोधा को पार्टी में शामिल करने के उपरांत उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देसूजोधा ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है, जिसका असर भी दिखने लगा है। भाजपा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।

### हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी

## आंगनवाड़ियों के लिए खरीदी जाएंगी फर्स्ट-एड किट : गोयल



- कमेटी ने महिला एवं बाल विकास तथा परिवहन विभाग के लिए साढ़े 15 करोड़ के सामान की खरीद को दिया अंतिम रूप

**चंडीगढ़।** महिला एवं बाल विकास तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने बताया कि प्रदेश भर की आंगनवाड़ियों के लिए मेडिकल की फर्स्ट -एड किट खरीदी जाएंगी ताकि किसी भी दुर्घटना के समय बच्चों का प्राथमिक उपचार आंगनवाड़ी में ही किया जा सके। इसके लिए आज हाई पावर परचेज कमेटी ने मंजूरी दे दी है। हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास तथा परिवहन मंत्री असीम गोयल ने की। इनके अलावा ,कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री ने बैठक के बाद जानकारी दी कि प्रदेश के कई शहरों में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी , इन बसों की मॉनिटरिंग तथा मैनेजमेंट के लिए आईटीएमएस ( इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम ) हेतु आज एक कंपनी को टेंडर दिए गए हैं। प्रथम चरण में 11 नगर निगमों में ये इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी और उसके बाद अन्य शहरों में भी चलाने की योजना बनाई गई है। परिवहन मंत्री ने बताया कि आज की हाई पावर परचेज कमेटी में हरियाणा रोडवेज की एसी बसों के बीमा करने , ई-टिकटिंग के रोल , बसों की बैटरी , मोबाइल ऑयल समेत अन्य आवश्यक कलपुर्जों की खरीद के टेंडर को भी अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि आज की बैठक में करीब साढ़े 15 करोड़ रुपए के सामान की खरीद के लिए मंजूरी दी गई है।

### हाईकोर्ट ने आठ माह व दो साल की बच्ची की कस्टडी मां को सौंपी

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि नाबालिग बच्चों की हिरासत उनकी मां के पास होना उनके हित और कल्याण में है। कोर्ट ने कहा कि स्तनपान कराने वाली बच्ची को मां का प्यार और देखभाल पाने के उसके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट के जस्टिस कुलदीप तिवारी ने एक महिला के ससुराल वालों को उसकी आठ महीने और दो साल की बेटियों की अंतरिम हिरासत उसे सौंपने का निर्देश देते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता की नाबालिग बेटी, जो लगभग आठ महीने की है, पोषण के लिए पूरी तरह से अपनी मां के स्तनपान पर निर्भर है और इस तरह, उसे अपनी मां का प्यार और स्नेह पाने के उसके मौलिक अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, जो उसकी देखभाल करने में पूरी तरह सक्षम है।

## सड़कों के विकास पर 2750 करोड़ खर्च होंगे

**चंडीगढ़।** प्रदेश के अंदर सड़कों में गड्ढों को भर दिया जाएगा अर्थात मरम्मत का काम होगा। विभाग के मंत्री ने दावा किया है कि अक्टूबर तक राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। हरियाणा लोक निर्माण विभाग मंत्री डॉ बनवारी लाल ने कहा कि वर्ष 2024-25 के दौरान प्रदेश में 4,655 किलोमीटर लंबाई की 1,425 सड़कों की गुणवत्ता और स्थिति में सुधार किया जाएगा। जिस पर लगभग 2,750 करोड़ की लागत आएगी। इसके अतिरिक्त, नाबार्ड ऋण सहायता योजना के तहत लगभग 700 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का भी सुधार किया जाएगा। डॉ. बनवारी लाल ने पंचकूला सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान करते हुए दी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सड़कों में 51 राज्य राजमार्ग शामिल हैं, जिनकी लंबाई 680 किलोमीटर है और इनके सुधार पर लगभग 1,000 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसी प्रकार, 600 करोड़ से 725 किलोमीटर लंबी 43 प्रमुख जिला सड़कों व अन्य काम होंगे।



## एचसीएमएस एसो. मांगों को लेकर आठ को प्रदर्शन करेगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सिविल मेडिकल एसोसिएशन की राज्य कोर कमेटी ने डॉक्टरों की मांगे पूरी नहीं होने के कारण अब आंदोलन चलाने का फैसला कर लिया है। इस क्रम में 8 जुलाई को डीजी हेल्थ ऑफिस (स्वास्थ्य मुख्यालय) पंचकूला सेक्टर छह में प्रदर्शन होगा। इसके अलावा 15 जुलाई को डॉक्टरों ने पूरे प्रदेश के अंदर दो घंटे के लिए कलम छोड़ हड़ताल का फैसला लिया है। इसके बाद भी कोई परिणाम नहीं निकला तो 25 जुलाई से अनिश्चितकाल के लिए सभी इमरजेंसी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। एसोसिएशन का कहना है कि इसके कारण जो भी समस्या आएगी, उसके जिम्मेदार अफसर और सरकार होगी। एसोसिएशन प्रधान डॉक्टर राजेश ख्यालिया, महासचिव अनिल यादव, मीडिया कोर्डिनेटर डा. अमरजीत सिंह चौहान,. उप प्रधान डाक्टर वीरेंद्र ढांडा का कहना है कि अधिकारियों और सरकार को बताए जाने व मांगों के निराकरण के आदेश हो जाने के बाद भी मामला लंबित चला आ रहा है।

## कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे विप्लब देब

**चंडीगढ़।** लोकसभा की पांच सीटें जीतने के बाद भले ही कांग्रेस हरियाणा में सरकार बनाने के सपने संजो रही है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियां बताती है कि कांग्रेस के लिए हरियाणा में जीत अभी भी दूर की कोढ़ी ही है, क्योंकि संगठनात्मक शक्ति, कार्य योजना और नेतृत्व क्षमता के चलते बीजेपी के सामने कांग्रेस अभी भी कहीं नहीं ठहरती। हरियाणा विधानसभा चुनाव सह प्रभारी बिप्लब देब चार जुलाई गुरुवार से प्रदेश के जिलों में अपने दौरे की शुरुआत कर रहे हैं। सुबह बिप्लब देब सबसे पहले रेवाड़ी में पहुंचेंगे। इसके बाद पलवल और फिर फरीदाबाद जिला में रहने वाले मंडल, जिला व प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उनके मन की बात जानेंगे और विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

## एसीएस हेल्थ के साथ बैठक के बाद आईएमए संतुष्ट, 15 तक भुगतान का आश्वासन

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़

आयुष्मान भारत कार्ड पर मरीजों को उपचार नहीं देने के फैसले के बाद में सरकार की ओर से एसीएस हेल्थ ने निजी अस्पताल संचालकों से बुधवार को सारे विषय को लेकर लंबी चर्चा की। एसोसिशन के प्रधान और पदाधिकारी बाहर आए, तो संतुष्ट नजर आए। सभी अस्पताल संचालकों को 15 जुलाई तक भुगतान मिल जाएगा और मरीजों को उपचार मिलने की शुरूआत हो जाएगी। सरकार की ओर से लगभग सौ डाक्टरों की ड्यूटी लगाकर बिलों का निस्तारण करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। निजी अस्पताल संचालकों की एसोसिएशन (आईएमए) प्रधान अजय महाजन और अन्य ने बताया कि उनकी अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल से वार्ता बहुत ही सार्थक रही है। जहां से आश्वस्त कर दिया गया है कि 15 जुलाई तक सभी का भुगतान कर दिया जाएगा।
एसोसिएशन के सचिव डाक्टर धीरेंद्र कुमार सोनी अन्य ने बताया कि उनका लगभग 133 करोड़ जून का तक का बकाया था। इस भुगतान का इंतजार वे लंबे समय से कर रहे थे। जब सुनवाई नहीं हुई, तो उन्हें इलाज बंद करना पड़ा।

### ये बोले आईएमए के पदाधिकारी

बैठक को लेकर आईएमए के सचिव धीरेंद्र सोनी क्या कहना है कि मीटिंग में स्वास्थ्य विभाग के एसीएस , डीजीएचएस और आयुष्मान विभाग के सीईओ भी थे। तकरीबन सहमति बन गई है। 30 जून तक की पेंडिंग राशि 15 जुलाई तक पूरा करने की बात कही है। जब हम पिछली बार अधिकारियों से मिलने आए थे उस समय पेंडेंसी सवा 200 करोड़ की थी। लगातार जो पेंडिंग अमाउंट है उन्हें निकाला जा रहा है।मौजूदा समय में 1 लाख 24 हजार कें करीब केस अभी पेंडिंग थे, जिनकी अमाउंट सवा दो सौ करोड़ थी। आश्वासन दिया है कि 10 हजार पेंडिंग केस रोज निकाले जाएंगे। यह सब हो जाता है तो फिर से सुचारू रूप से आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी हस्पतालों में कार्य शुरू हो जाएगा। यहां पर बता दें कि कईं जिलों में निजी अस्पताल संचालक आंदोलन की राह पर चल रहे थे, साथ ही पुराना भुगतान होने तक उन्होंने इस कार्ड पर उपचार के लिए पांच जुलाई तक रोक लगाई हुई है। अब निची अस्पताल संचालकों ने उपाचर जारी करने की तैयारी कर ली है। यहां पर यह भी बता दें कि मामले में मंगलवार को जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश कर दिया था कि किसी भी कीमत पर भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जाएगा।

## सरकार ने यौन उत्पीड़न की सुनवाई के लिए आंतरिक शिकायत कमेटी गठित की

**चंडीगढ़।** सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करने तथा हरियाणा सिविल सचिवालय में महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न की शिकायतों की सुनवाई करने के उद्देश्य से आंतरिक शिकायत कमेटी का गठन किया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा एक पत्र के अनुसार आईएएस अधिकारी अमनीत पी. कुमार को कमेटी का अध्यक्ष/पीठासीन अधिकारी मनोनीत किया गया है। आईएएस अधिकारी जे.गणेशन, अतिरिक्त महाधिवक्ता शुभ्रा सिंह, एचएसएस-I की अवर सचिव दीपाली मलिक तथा पंजाब विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एंड ड्यूटीज की अध्यक्ष डॉ. उपनीत कौर मांगट को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। कमेटी के पीठासीन अधिकारी तथा प्रत्येक सदस्य अपने मनोनयन की तिथि से अधिकतम तीन वर्ष की अवधि तक पद पर बने रहेंगे।

## हैफेड ने त्रिनिदाद और टोबैगो के साथ चावल और खाद्य तेलों के निर्यात को लेकर की चर्चा

**चंडीगढ़।** मिनिस्ट्री ऑफ़ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ऑफ़ त्रिनिदाद एंड टोबैगो (टीएंडटी) इस सप्ताह भारत से एक 'इंवेस्टमेंट मिशन' की मेजबानी कर रहा है। हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत के नेतृत्व में महाप्रबंधक डॉ. अरुण आहूजा और अनुज त्यागी के साथ एक प्रतिनिधिमंडल ने त्रिनिदाद और टोबैगो के प्रधानमंत्री डॉ. कीथ सी. रोली से मुलाकात की और हैफेड के चावल, खाद्य तेलों आदि के त्रिनिदाद और टोबैगो को निर्यात के लिए व्यावसायिक अवसरों की विस्तार से चर्चा की। टीएंडटी के प्रधानमंत्री ने हैफेड द्वारा की जा रही गतिविधियों में गहरी रुचि व्यक्त की तथा इस बात पर जोर दिया कि हैफेड के साथ टीएंडटी के सहयोग से वे पूरे कैरीबियाई क्षेत्र की सेवा कर सकते हैं तथा उत्तरी और लैटिन अमेरिका तक भी विस्तार कर सकते हैं।

## खेल विवि यूजीसी की मान्यता सूची में पुनः शामिल

**चंडीगढ़।** हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने कहा कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय का नाम यूजीसी की मान्यता प्राप्त सूची में पुनः शामिल करते हुए इसे डिफॉल्टर लिस्ट से हटा दिया गया है। खेल विश्वविद्यालय ने सितंबर 2023 में अपने पहले शैक्षणिक सत्र की शुरुआत की थी तथा अप्रैल 2024 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से अफिलिएशन प्राप्त हुई थी।

## आप ने शुरू की विस चुनाव की तैयारी दिल्ली में बैठक कर बनाई रणनीति



**दिल्ली/चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर हरियाणा के पदाधिकारी के साथ बैठक की। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि बैठक दिल्ली में आम आदमी पार्टी के ऑफिस में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा और प्रदेश उपाध्यक्ष बलबीर सैनी समेत संगठन मंत्री मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि बुधवार दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक के साथ हरियाणा प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गहन चर्चा की गई।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/JSO/1369

हमकि (1) सुनील विधवा स्वयं एवं माता नैसर्गिक संरक्षक बजरिये (2) नीरज (नाबालिग) पुत्र श्रीभगवान पुत्र रघबीर व (3) करिशमा (4) करीना पुत्रीयान श्रीभगवान पुत्र रघबीर, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2019-20 व इंतकाल न0 1587 विरासत, के अनुसार खेवट न0 327गिन/270, खाता न0 333गिन, मु0 न0 49, किला न0 10(8-0), 11/1(3-11), मु0 न0 50, किला न0 15(8-0), 16(8-0), 25/2(5-4), मु0 न0 52, किला न0 5/2(1-15), किते 6, तादादी रकबा 34 कनाल 10 मरले का 1/3 भाग, बकदर 11 कनाल 10 मरले (1.4375 एकड़) (जिसमें सुनील - करिशमा - करीना - नीरज हर चार समभाग) वाका रकबा मौजा निमाना, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 50, किला न0 15 मिन पश्चिम उत्तर (7-15), 16 मिन उत्तर पश्चिम (3-15) किते 2, तादादी रकबा 11 कनाल 10 मरले (1.4375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 03.07.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरुग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com



## खबर संक्षेप

### सेंट्रल बैंक बीबीपुर का ताला टूटने से हड़कंप

**जींद।** गांव बीबीपुर में बीती रात चोरों ने सेंट्रल बैंक का ताला तोड़ कर रिवाल्वर, कारतूस, सीपीयू समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने बैंक मैनेजर की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना का सुबह उस समय पता चला जब सफाईकर्मी बैंक में सफाई करने पहुंचा।

### बहू ने सास के गले में दुपट्टा डालकर घसीटा

**यमुनानगर।** शहर की आजाद नगर कॉलोनी निवासी वीना ने अपनी बहू मेघा पर मारपीट करने तथा गल्ले में दुपट्टा डालकर घसीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सिरसाः जेल में लोक अदालत, तीन कैदी रिहा

**सिरसा।** जिला जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल 7 केसों की फाइलें रखी गई जिनमें से 4 केसों का निपटारा किया गया जिसमें 3 कैदियों को रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हर माह दो बार जेल लोक अदालत लगाई जाती है, जिसमें छोटे केसों में लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को रिहा किया जाता है।

### हज यात्रियों ने सरकार की व्यवस्था को सराहा

**नूंह।** भारतीय हज यात्रियों का हज करने के बाद मदीना व जेद्दाह हवाई अड्डे से वतन वापसी का सिलसिला जारी हैं। अब तक 140 उड़ानों के माध्यम से 43329 हज यात्री अपने वतन लौट चुके हैं। हज यात्रियों के स्वागत और मार्गदर्शन के लिए केंद्रीय, राज्य हज कमेटी और अन्य संबंधित एजेंसियों के द्वारा भारतीय हवाई अड्डों पर हज यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं।

## सोनीपत में पंचायती जमीन पर किया था अवैध कब्जा

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर अक्षय पलड़ा के मकान पर चला बुलडोजर

*अक्षय पलड़ा तिहाड़ में है बंद*

*कार्रवाई के समय भारी पुलिस बल तैनात रहा*

- मुरथल बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट किया था नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शॉर्प शूटर अक्षय पलड़ा के मकान पर पुलिस की तरफ से पीला पंजा चलाया गया है। पुलिस फिल्मी अंदाज में पीला पंजा व दलबल के साथ गांव पहुंची। जहां पुलिस बल व जिला प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गांव की पंचायती जमीन पर बने दो कमरों पर शौचालय को तोड़ दिया गया। बहालगढ़ थाना प्रभारी राजीव ने बताया कि अक्षय पलड़ा में अलग-अलग थानों में 23 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। जिसमें हत्या, हत्या प्रयासा व रंगदारी के मुकदमें शामिल है। हाल में वह तिहाड़ जेल में बंद है। उसने गांव स्थित पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ था। अक्षय पलड़ा ने गांव में करीब 450 वर्ग गज भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था। जमीन पर दो कमरें व एक शौचालय बना रखा था। उक्त मकान में अक्षय का पिता अजीत रहता था। मामले में जिला प्रशासन की तरफ से मुरथल बीडीपीओ को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। उसके बाद पुलिस बल पर जिला प्रशासनिक अधिकारियों की देख रेख में टीम गांव पलड़ा पहुंची। जहां पंचायती जमीन पर बने कमरों को गिरा दिया गया। गैंगस्टर के कब्जे से पंचायती जमीन पर हुए मुक्त करवाया गया है।



**सोनीपत।** शार्प शूटर अक्षय पलड़ा का मकान मकान को तोड़ती जेसीबी एवं तोड़े गए मकान का मलबा एवं तैनात पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### बुलडोजर न मिलने पर वापस लौट आई टीम

कुख्यात बदमाश के मकान को गिराने के लिए जिला पुलिस बल पर प्रशासनिक अधिकारी गत 28 जून को गांव में पहुंचे थे। लेकिन बुलडोजर न मिलने के चलते टीम गांव इंतजार करने के बाद वापस लौट आई थी। बुधवार को जेसीबी मशीन लेकर पुलिस गांव में पहुंची। जहां पंचायती जमीन पर बने अवैध निर्माण को गिरा दिया गया।

## काला जठेड़ी की मां ने निगला जहरीला पदार्थ, उपचार के दौरान तोड़ा दम

- दवा के धोखे में कीटनाशक पीने की बात आई सामने
- लॉरेंस के करीबी काला जठेड़ी की 4 महीने पहले लेडी डॉन से हुई थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सोनीपत


राई थाना क्षेत्र के गांव जठेड़ी में संदिग्ध अवस्था में कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी की मां ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया है कि उन्होंने दवा के धोखे में कीटनाशक पी लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया है। पुलिस बृस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवायेगी।



मां के संस्कार के लिए काला जठेड़ी तिहाड़ जेल से आ सकता है बाहर

### उपचार के दौरान मौत

जहरीले पदार्थ का सेवन करने से संदीप उर्फ काला की मां की तबीयत खराब हो गई। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने दवा के धोखे में जहरीला पदार्थ निगलने की बात कही है। शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में रखवाया है। बृहस्पतिवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा। -उमेश कुमार, प्रभारी राई थाना।



प्रवेश परीक्षाओं के संचालन का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

## गुजवि में शुरू हुई प्रवेश परीक्षाएं, कुलपति व अन्य अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- 11 से 12 बजे तक आयोजित परीक्षाओं में 517 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में नए सत्र के दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बुधवार को बीएससी (फिजिकल साइंसिज)-एमएससी फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमेटिक्स तथा इंटेग्रेटिड बीएससी (लाइफ साइंसिज)-एमएससी बायोटेक्नोलॉजी/ माइक्रोबायोलॉजी /बोटनी/ जूलॉजी/ कैमिस्ट्री कोर्सिज की प्रवेश परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। इन परीक्षाओं में 517 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि प्रवेश परीक्षाओं को निष्पक्ष तथा पारदर्शी बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने समुचित व्यवस्था की है। उन्होंने परीक्षा संचालन में तैनात विश्वविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों से भी बात की तथा परीक्षार्थियों का हौसला भी बढ़ाया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च स्तर को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

SANSKARAM COLLEGE OF VETERINARY & ANIMAL SCIENCE
KHERI TALUKA, PATAUDA, JHAJJAR, NEAR GURGAON & REWARI
Approved by VCI/Central Govt of India & Affiliated to LUVAS, Hisar (ADVT : 2024)

Bio-data along with relevant documents are invited for the following posts by Email: Deanscvaspatauda@gmail.com. The Applicant Should be NET Qualified and MVSc or Ph.D in concerned subject. The candidates having Ph.D. Degree will be preferred. The retired Veterinary Professors having less than 70 years age may also apply. ❖ Emoluments are very Attractive

| Name of Department | Name of Post | | |
|---|---|---|---|
| | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
| Dean | | 1 | |
| Veterinary Anatomy | 1 | 1 | 2 |
| Veterinary Physiology & Biochemistry | 1 | 1 | 3 |
| Live Stock Production Management | 1 | 1 | 2 |
| Veterinary Microbiology | 1 | 1 | 2 |
| Veterinary Pathology | 1 | 1 | 2 |
| Animal Genetics & Breeding | 1 | 1 | 1 |
| Animal Nutrition | 1 | 1 | 1 |
| Veterinary Pharmacology & Toxicology | 1 | 1 | 1 |
| Veterinary Public Health & Epidemiology | 1 | 1 | 1 |
| Veterinary Parasitology | 1 | 1 | 2 |
| Live Stock Production Technology | 1 | 1 | 2 |
| Veterinary and Animal Husbandry Extension | 1 | 1 | 1 |
| Veterinary Surgery & Radiology | 1 | 1 | 3 |
| Veterinary Medicine | 1 | 1 | 3 |
| Veterinary Gynaecology and Obstetrics | 1 | 1 | 3 |
| Veterinary Clinic Complex | 1 | 1 | 5* |
| Live Stock Farm Complex | 1 | 0 | 6** |

* Veterinary Pathology, Biochemistry, Surgery, Medicine, Gyane - 1 Each
**LPM, Poultry, Animal Breeding, ANN, Medicine, Gyane - 1 Each
CALL : 8397970827, 8397970812

## सीनियर सेकेंडरी कम्पार्टमेंट परीक्षा में नकल के 3 मामले दर्ज

- परीक्षा में 20,707 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेशभर में बुधवार को संचालित करवाई गई सीनियर सेकेण्डरी शैक्षिक कम्पार्टमैंट विषयों की एक दिवसीय परीक्षा जुलाई 2024 में नकल के कुल 3 मामले दर्ज किये। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके उड़नदस्ते द्वारा जिला सोनीपत के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र राकवमावि सोनीपत 14 पर नकल का एक केस पकड़ा, शेष परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा नकल रहित चल रही थी। उन्होंने आगे बताया कि बोर्ड उप सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिला भिवानी के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां वैश्य वमावि, भिवानी 26 में अनुचित साधन के 1 केस दर्ज किया। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में बोर्ड द्वारा गठित अन्य उड़नदस्तों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कम्पार्टमेंट विषयों की एक दिवसीय परीक्षा में 20,707 परीक्षार्थी प्रविष्ट हुए ये परीक्षाएं प्रदेशभर में 75 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई।

## कपास की फसल में गुलाबी सूंडी की जांच को ढुकड़ा पहुंची कृषि विभाग की टीम



**चोपटा।** क्षेत्र के गांव ढुकड़ा में पिछले दिनों किसानों ने कपास की फसल पर गुलाबी सूंडी का प्रकोप बताकर फसल को नष्ट कर दिया था। इसको लेकर कृषि विभाग की टीम ने ढुकड़ा के खेतों में निरीक्षण किया। यह जानकारी देते हुए कृषि विकास अधिकारी शैलेंद्र सहारण ने बताया कि क्षेत्रीय केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र फ़रीदाबाद से आई हुई टीम सुनील चंद्रा, सहायक निदेशक, लक्ष्मी चंद, वनस्पति संरक्षण अधिकारी और सूरज बरनवाल, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी व कृषि विभाग नाथूसरी चोपटा कृषि विकास अधिकारी शैलेंद्र सहारण पौध संरक्षण अधिकारी सन्त लाल बेनीवाल, मदन लाल, सुरेंद्र सुप्रीवाइजर द्वारा गांव ढुकड़ा के किसान नरसी पुत्र टोडर मल, दलबीर व राजकुमार के खेत में कपास के खेत में गुलाबी सूंडी का हमला और 40 फीसदी तक फसल बर्बाद सर्वेक्षण करा गया और पाया गया कि गुलाबी सूंडी का प्रकोप है।

## मनी लांड्रिंग का भय दिखाकर सेवानिवृत्त प्रोफेसर से ठग लिए 87 लाख रुपये

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शहर की प्रोफेसर कालोनी निवासी सेवानिवृत्त प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता को मनी लांड्रिंग केस में फंसने का डर दिखाकर उससे 87 लाख रुपये ठग लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अनिल कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो जुलाई को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को फेडेक्स डिपार्टमेंट से बताया। उसने बताया कि उसके नाम से एक पार्सल ईरान भेजा गया है। जिसमें पांच एक्सपायरी पासपोर्ट, तीन डेबिट कार्ड, दो लैपटाप, 900 डॉलर और 350 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स है जो गैरकानूनी है। जिस पर अनिल गुप्ता ने उन्हें मना कर दिया कि यह पार्सल उन्होंने नहीं भेजा।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
Government of Haryana

ADMISSIONS
BACHELOR OF PHARMACY
in all Govt./ Private Universities and Institutions of Haryana
FOR SESSION 2024-25

Apply online at techadmissionshry.gov.in

COURSE
B. PHARMACY 4 YEARS
ELIGIBILTY
• 10+2 with PCB or PCM with English
BASIS OF ADMISSION
Inter-se-Rank of Online Common Entrance Test (OCET)-2024 to be conducted by HSTES, Panchkula

Registration for Admission
(for the session 2024-25)
Last date of Registration : 16.07.2024*
* Only the candidates appeared in OCET-2024 participate in the online centralized Counselings

Schedule of Online Common Entrance Test (OCET - 2024)
23.07.2024 to 27.07.2024

Please visit
www.hstes.org.in
(for B.Pharmacy Prospectus, Admission Schedule & Important Notices)
www.techadmissionshry.gov.in
(for applying online and further details)

Scan QR code for Registration (Session 2024-25)

Impetus to Join B. Pharmacy in Haryana
• 25% Horizontal reservation for girl candidates
• 5% Seats for Tuition Fee Waiver (TFW) Scheme
• 10% Seats for Economical Weaker Section (EWS)

Directorate of Technical Education, Haryana
under the Ambit of Deptt. of Higher Education, Govt. of Haryana
1800-137-3735 (toll-free)
onlineadmissionhelp@gmail.com

Information, Public Relations and Languages Department, Haryana
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## बाजार में चौतरफा तेजी

*जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। इसमें वित्तीय मामलों से संबंधित बड़ी कंपनियों की खास भूमिका रही। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व प्रमुख की 2025 के अंत तक मुद्रास्फीति दो प्रतिशत पर आ जाने की टिप्पणी ने भी सकारात्मक धारणा पैदा की।*

### कारोबार के अंत में उछलकर 79,986.80 पर बंद

# सेंसेक्स पहली बार 80 हजार पार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा निफ्टी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली आने से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम पर पहुंचने के बाद थोड़ा नीचे बंद हुआ। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था।

इस तरह सेंसेक्स ने पिछले कुछ दिनों का अपना रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन जारी रखा है। सेंसेक्स ने 25 जून को पहली बार 78,000 का स्तर और 27 जून को 79,000 का स्तर पार किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 162.65 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 183.4 अंक बढ़कर 24,307.25 के नए शिखर पर पहुंच गया था।

### सकारात्मक संकेतों से भारी उछाल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, सकारात्मक संकेतों से बाजार ने आधे प्रतिशत से ऊपर की बढ़त हासिल की। उत्साहजनक वैश्विक बाजारों के साथ बैंक शेयरों में मजबूती से बाजार को तगड़ी शुरुआत मिली और आखिर तक कमोबेश कायम रही।



### एफआईआई में रही बिकवाली

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,000.12 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 34.74 अंक गिरकर 79,441.45 और निफ्टी 18.10 अंक घटकर 24,123.85 पर बंद हुआ था।

### बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड स्तर पर

शेयर बाजार में बुधवार को आई तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 445.43 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार की तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,45,43,642.29 करोड़ रुपए (5.33 लाख करोड़ डॉलर) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

*बाजारों में बढ़त-नुकसान: एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में नुकसान देखा गया। यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।*

### अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स में सर्वाधिक 2.49 प्रतिशत की तेजी रही। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में भी बढ़त दर्ज की गई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टूब्रो के शेयरों में गिरावट रही।

### व्रज आयरन का शेयर पहले दिन 22 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। व्रज आयरन एंड स्टील का शेयर बाजार में कारोबार के पहले दिन बुधवार को निर्गम मूल्य 207 रुपये के मुकाबले लगभग 22 प्रतिशत उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई और एनएसई दोनों पर शेयर 15.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 240 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। बीएसई में बाद में यह अपने ऊपरी सर्किट 21.71 प्रतिशत चढ़कर 251.95 रुपए पर पहुंच गया। जबकि एनएसई में भी यह ऊपरी सीमा 21.73 प्रतिशत उछलकर 252 रुपए पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 831 करोड़ रुपये रहा।

### राजकोषीय घाटा 4 प्रतिशत पर आया तो 24 महीने में भारत की साख में सुधार संभव

नई दिल्ली (एजेंसी)। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन करने और राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम रही तो अगले 24 महीने में भारत की रेटिंग में सुधार हो सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक (सॉवरेन रेटिंग्स) यीफर्न फुआ ने एक बयान में कहा कि रेटिंग में सुधार के लिए सामान्य सरकारी घाटा जीडीपी के सात प्रतिशत से नीचे आना जरूरी होगा। इसके लिए केन्द्र सरकार को अधिक कदम उठाने होंगे। फुआ ने कहा, 'यदि केंद्र सरकार राजकोषीय घाटे को जीडीपी के चार प्रतिशत तक लाने में सक्षम हो तो हम अगले 24 महीने बाद उसकी साख को बढ़ाने पर विचार करेंगे।' एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री (एशिया-प्रशांत) लुईस कुइज ने कहा कि भारत एशिया क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1.) LCV- 2559981 (GURMEET SINGH) CB_ASHOK_LEYLAND_PARTNER _XLS_3335_4_TYRE REG. NO. HR67D2973- YOM 2023
2.) LCV-2263372 ( BADAL) MARUTI SUPER CARRY REG. NO. HR56C9763 - YOM 2022
3.) LCV-2342554 ( SATISH) TATA INTRA V20 REG. NO.HR67D7713 - YOM 2022
4.) LCV- 2523004 (DHARMENDER) MARUTI_SUPER_CARRY REG. NO. HR55AQ3201 - YOM - 2023
5.) LCV- 1364371 (PAWAN KUMAR) MAHINDRA_JAYO REG. NO. HR69D4209 - YOM - 2019
6.) LCV- 2328347 (JAGDEEP SINGH) MARUTI_SUPER_CARRY REG. NO. HR67D8804 -YOM -2022
7.) SA- 1213349 (RAJPAL RAM) TATALPT3118 REG. NO.HP38H0630 - YOM - 2018
8.) SA- 1147852 (SACHIN) AL_6_16_BUS_49_PLUS_1 REG. NO. HR39E3043 -YOM - 2015
9.) LCV- 2297167 (SANJAY) TATA INTRA V30 REG. NO. HR46F4579 - YOM - 2022
10.) CE (DEVENDER SINGH CONTRACTOR) BULL SMART BACKHOE LOADER CHASSIS NO-BCEHD11BKF2302899 ENGINE NO.5H41022320247 YOM-2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 10.07.2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAYCOMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com

### तिमाही में भारतीय रियल एस्टेट संस्थागत निवेश 20 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। गोदामों और आवासीय परियोजनाओं में अधिक निवेश आने से अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2.52 अरब डॉलर हो गया। बुधवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस साल अप्रैल-जून तिमाही में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 252.85 करोड़ डॉलर रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के 210.64 करोड़ डॉलर से 20 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक, आलोच्य अवधि में कार्यालय संपत्तियों में निवेश 190.02 करोड़ डॉलर से 83 प्रतिशत घटकर सिर्फ 32.96 करोड़ डॉलर रहा।

**वर्ष 2024-25 के लिए हॉस्टल मेस हेतु निविदा सूचना**

01 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 तक एक वर्ष के लिए हॉस्टल मेस अनुबंध हेतु मोहरबंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। हॉस्टल मेस अनुबंध से सम्बन्धित सम्बद्ध विवरण कार्य समय के दौरान कॉलेज ऑफिस से प्राप्त किए जा सकते हैं। महत्वपूर्ण तिथियां और जानकारी नीचे वर्णित हैं।

1. बोलियां जमा करवाने की अन्तिम तिथि – 16 जुलाई 2024 अप. 3.00 बजे तक
2. बोलियों का खुलना – 22 जुलाई 2024 पूर्वा. 11.00 बजे
3. निविदा शुल्क – रु. 300/-

हस्ता/- प्राचार्य
एफ.एल.टी.एम.एस.बी.पी.
राजकीय कन्या महाविद्यालय
रेवाड़ी (हरियाणा)
संवाद-1031/11/149/2025/27418/88/6 दि. 03.07.24

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1.)CV- 4393899 (BABA SMADH) EICHER PRO 5025 BS IV HR47D5728- YOM- 2018 RESERVE PRICE - 465096/-

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 18.07.2024 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOUD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001
OR
CONTACT: MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. +91-9671300231 EMAIL Goverdhan.joshi@kotak.com

### जापान ने दो दशक में पहली बार जारी किए नए बैंक नोट...



टोक्यो। जापान ने दो दशक में पहली बार बुधवार को नए बैंक नोट जारी किए। इनमें जालसाजी से निपटने के लिए '3-डी होलोग्राम' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने 10,000 येन, 5,000 येन और 1,000 येन के नए नोट की अत्याधुनिक जालसाजी-रोधी विशेषताओं की प्रशंसा करते हुए इसे 'ऐतिहासिक' करार दिया। बैंक ऑफ जापान में उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'मुझे उम्मीद है कि लोगों को नए नोट पसंद आएंगे और वे जापानी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होंगे।' स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, नए नोट के साथ पहले से चलन में मुद्रा भी वैध रहेगी। बैंक ऑफ जापान के गवर्नर काजुओ उएदा ने कहा, हालांकि दुनिया नकदी रहित लेन-देन की ओर बढ़ रही है, लेकिन हमारा मानना है कि कहीं भी तथा कभी भी सुरक्षित भुगतान के लिए नकदी अब भी महत्वपूर्ण है।

### अगले तीन वर्षों में अच्छा नहीं होगा इक्विटी रिटर्न

मुंबई। निवेशकों के लिए इक्विटी शेयर बाजार में रिटर्न अगले तीन साल में पिछले तीन वर्षों जितना अच्छा नहीं होगा। म्यूचुअल फंड कंपनी फ्रैंकलिन टेम्पलटन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। आर जानकीरमन ने कहा कि रिटर्न 'ठीक-ठाक' होगा और यह अन्य परिसंपत्ति वर्गों से बेहतर प्रदर्शन करेगा। यह बात ऐसे दिन आई हैं जब मानक सूचकांकों ने नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ और इक्विटी बाजार में उच्च मूल्यांकन को लेकर चिंताएं जताई जा रही हैं।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप–135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61245903 | हाइड्रोलिक पॉवर पैक | 05 सेट्स | 05 अगस्त 2024 |
| 2. | 61245935 | यूनिवर्सल टेस्ट बेंच | 01 सेट्स | 05 अगस्त 2024 |
| 3. | 61245946 | कंडेंसर एंड एवापोरेटर कोइल असेंबली | 44 सेट्स | 05 अगस्त 2024 |
| 4. | 61245724 | किट फॉर डंप वाल्व | 256 सेट्स | 01 अगस्त 2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. 61245903, 61245935, 61245946, 61245724 2020/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**वर्ष 2024-25 के लिए कॉलेज कैंटीन अनुबंध हेतु निविदा सूचना**

01 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 तक एक वर्ष के लिए कैंटीन अनुबंध हेतु मोहरबंद लिफाफे में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। कैंटीन अनुबंध से सम्बन्धित सम्बद्ध विवरण कार्य समय के दौरान कॉलेज ऑफिस से प्राप्त किए जा सकते हैं। महत्वपूर्ण तिथियां और जानकारी नीचे वर्णित हैं।

1. बोलियां जमा करवाने की अन्तिम तिथि – 16 जुलाई 2024 अप. 3.00 बजे तक
2. बोलियों का खुलना – 20 जुलाई 2024 पूर्वा. 11.00 बजे
3. निविदा शुल्क – रु. 300/-

हस्ता/- प्राचार्य
एफ.एल.टी.एम.एस.बी.पी.
राजकीय कन्या महाविद्यालय
रेवाड़ी (हरियाणा)
संवाद-1031/11/148/2025/27415/88/6 दि. 03.07.24

### सोना 50 रुपए मजबूत, चांदी में 300 की तेजी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 50 रुपए की तेजी के साथ 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी 300 रुपए बढ़कर 91,300 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने की कीमतें (24 कैरेट) 72,550 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रही, जो पिछले बंद भाव से 50 रुपए अधिक है।'

### देश में खानपान सेवा बाजार 6 साल में 10 लाख करोड़ होने का अनुमान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में खान-पान सेवा बाजार के 2030 तक 10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है। इस दौरान ग्राहक आधार 45 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। बेन एंड कंपनी और स्विगी की रिपोर्ट 'हाउ इंडिया ईट्स' (भारत में खानपान का रुझान) में कहा गया है कि ऑनलाइन खानपान वितरण क्षेत्र में संचयी रूप से 18 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने का अनुमान है। इसकी पहुंच 2023 में 12 प्रतिशत से बढ़कर 2030 तक 20 प्रतिशत हो जाएगी। खानपान सेवा बाजार में बाहर खाना और घर पर ऑर्डर करके मंगाना शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में खानपान सेवा बाजार का वर्तमान मूल्य 5.5 लाख करोड़ रुपये है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | बाढड़ा निर्वाचन क्षेत्र जिला चरखी दादरी में गांव चांगरोड से दुधवा तक एल/आर का निर्माण (रोड आईडी एच-10839) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 11.07.2024 | 1.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |
| 2 | एचएसएएमबी भिवानी | लोहारु निर्वाचन क्षेत्र जिला भिवानी में गांव सेरला से बहल- ओबरा रोड तक सम्पर्क सड़क का निर्माण (आईडी-11249) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 99.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27450/I/88/6 दि. 03.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | वार्ड नं. 1 में ढाणी बंधा वाली में राजसिंह पुत्र कान्हीराम से बिरेन्द्र के मकान से भूप सिंह तक रोड का निर्माण + 29 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 2.13 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27445/I/88/6 दि. 03.07.24

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | 60 मी. चौड़े मेन रोड नं. 1, फेज–I, आईएमटी रोहतक में सड़कों के सेंट्रल वर्ज/मीडियंस के साथ-साथ सभी फिटिंग सहित ऊंचाई 915 मिमी (3 फुट) के वेल्ड मेश गैल्वेनाइज्ड पाउडर कोटेड फेंस पैनल्स की फेंसिंग का प्रावधान व फिक्सिंग। | 05.07.2024 11.07.2024 | 12.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9468254098 ia.rohtak@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | गांव खानक और निकटवर्ती गांव में 4 अदद ओपन जिम का प्रावधान व फिक्सिंग (सीएसआर स्कीम के तहत)। | 10.07.2024 16.07.2024 | 9.81 लाख | www.hsiidc.org.in | 9416245101 mining.kharak@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/27419/I/88/6 दि. 03.07.24

**MUNICIPAL COMMITTEE, KALANAUR नगरपालिका कलानौर**

E-mail ID- secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in Off Tel. No. 01258-299022, 299422

**सार्वजनिक सूचना/मुनादी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए नोटिफिकेशन नं. 9/24/2022-4C-II दिनांक 15.07.2022 द्वारा The Haryana Municipal Advertisement Bye-Laws, 2022 की पॉलिसी बनाई गई है, जिसके तहत नगरपालिका कलानौर द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ पोर्टल पर विज्ञापन हेतु ई-निविदा आनलाईन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है, जिनका विवरण निम्न प्रकार है:-

| Sr. No. | Description | Start Date & Time | End Date & Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Submission of EMD Amount | 05.07.2024 at 4:00 PM | 22.07.2024 till 5:00 PM |
| 2 | E- Auction Live (Online) | 23.07.2024 at 9:00 AM | 23.07.2024 at 5:00 PM |

विज्ञापन हेतु नीलामी दिनांक हरियाणा सरकार द्वारा बनाए गए https://ulb.project247.in/ आनलाईन पोर्टल के माध्यम से ही आयोजित की जाएगी, जो भी व्यक्ति विज्ञापन हेतु यूनिपोल एवं होडिंग की नीलामी में भाग लेने का इच्छुक हो, वह निश्चित तिथि व समय पर आनलाईन पोर्टल के माध्यम से मौके का लाभ उठाए।

हस्ता/- सचिव
नगरपालिका कलानौर
संवाद -1078/11/495/2025/27406/C/88/6 दि. 03.07.24

### जॉब

☞ FRAUD कॉल से सावधान AIRTEL 5G कंपनी मे घर बैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महीना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त CALL/ WHATSAPP/ SMS करें- 7003467406 , 7645886307

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ईआरपी प्रणाली, सैप एस/4हाना क्लाउड को लागू होगी

नई दिल्ली। क्यूपिड लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उन्होंने उन्नत ईआरपी प्रणाली, सैप एस/4हाना क्लाउड को लागू करने के लिए सैप के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की है। यह पहल क्यूपिड लिमिटेड की संचालन दक्षता को बढ़ाने, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार करने और उन्नत तकनीक के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को दर्शाती है। सैप एस/4हाना क्लाउड के एकीकरण से क्यूपिड लिमिटेड को कई सुविधाएं मिलेंगी, जिसके तहत रियल टाइम डेटा प्रोसेसिंग और विश्लेषण अधिक आसान होगा। इससे अधिक कुशल संसाधन प्रबंधन, आपूर्ति श्रृंखला संचालन और नए बी2सी (बिजनेस टू कंज्यूमर) वितरण चैनलों को सक्षम बनाया जा सकेगा।

## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।


**वृष** मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**मिथुन** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।


**कर्क** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट होगा।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।


**तुला** मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।


**वृश्चिक** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।



**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।


**मकर** क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।


**कुंभ** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।


**मीन** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5561




**बाएँ से दाए-**
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त. मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

**शब्द पहेली -5560 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | म | ला | का | र | | | कु | रा | न | |
| था | न | | र | | कै | ला | श | | भ | ला |
| वा | | | खा | विं | द | | ल | | | य |
| च | म | क | ना | | | त | | क | स | क |
| क | | या | | क | ल | क | ल | | ली | |
| | आ | स | | ल | | रा | | शा | म | |
| | रा | | क | र | ता | र | | म | | ख |
| श | म | न | | व | | | म | त | ल | ब |
| ह | | | म | | दा | म | न | | | र |
| र | थ | | ग | र | म | | च | | दा | दा |
| | ल | की | र | | | स | ली | के | दा | र |



# आईआईएस में ट्रेनिंग लेंगे 30 भारतीय तैराक



एजेंसी ⏭ बेल्लारी

भारत के 30 'उच्च क्षमता वाले' तैराकों की पहचान की गई है जो 'मिजुहो एलीट कार्यक्रम' के तहत यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में ट्रेनिंग लेंगे जिससे कि उन्हें 2026 एशियाई खेलों तथा 2028 ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार किया जा सके। आईआईएस ने इसके लिए मिजुहो बैंक के साथ साझेदारी की है। दोनों ने 30 तैराकों की मदद के लिए साझेदारी की घोषणा की। वर्ष 2023 में शुरू किए गए आईआईएस तैराकी कार्यक्रम में दो अत्याधुनिक पूल हैं। प्रतिभाशाली युवा तैराक माना पटेल, कुशाग्र रावत, ईशान मेहरा, आस्था चौधरी, अश्मिता चंद्रा और बिक्रम चांगमई इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन डाबरी में केबल ट्रेंचेज और 132 केवी एचवी बे उपकरणों के साथ-साथ बे बी-6 पर हॉट ट्रांसफॉर्मर की बजाए स्टैंड बाई के तौर पर स्पेयर ट्रांसफॉर्मर के प्रावधान हेतु निर्माण (सिविल कार्य) (करनाल)। | 01.07.2024 18.07.2024 | 10.97 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन मुंड में सहायक उपकरणों के साथ-साथ बे बी-8 और बी-10 पर 132 केवी डी/सी लाइन से मुनाना सहित बे ए-10 पर अतिरिक्त 1 अदद 100 एमवीए 220/132 केवी टी/एफ का प्रावधान (सिविल कार्य) (करनाल)। | 01.07.2024 18.07.2024 | 46.93 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन भिवानी में राजस्व हैड 74.401 के तहत सड़कों, ट्रेंच कवर्स की मरम्मत और अन्य सम्बद्ध कार्य। | 01.07.2024 11.07.2024 | 29.68 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 2×100 एमवीए 220/132 केवी टी/एफ से 1×(160 जमा 100) एमवीए 220/132 केवी टी/एफ (हिसार) तक 220 केवी सब स्टेशन बीबीएमबी चरखी दादरी का संवर्धन। | 29.06.2024 09.07.2024 | 57.74 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/100/27427/I/88/6 दि. 03.07.24


# वर्ल्ड चैंपियन भारतीय टीम का रोड शो आज

एजेंसी ⏭ मुंबई

टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम को गुरुवार को खुली बस में रोड शो के बाद यहां वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। भारतीय टीम के गुरुवार को सुबह छह बजकर 20 मिनट पर नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय टीम गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगी। विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और कुछ भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं। इस विशेष उड़ान का इंतजाम बीसीसीआई ने किया है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, 'टीम बीसीसीआई द्वारा मुहैया कराई गई एयर इंडिया के विशेष विमान से बारबाडोस से रवाना हो गई है। बारबाडोस में फंसे भारतीय पत्रकार भी बीसीसीआई अध्यक्ष (रोजर बिन्नी) और सचिव (जय शाह) के साथ इसी फ्लाइट में आ रहे हैं। फ्लाइट आज सुबह छह बजे दिल्ली हवाईअड्डे पर उतरेगी। टीम सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके निवास पर मुलाकात करेगी। इसके बाद टीम मुंबई के लिए उड़ान भरेगी जहां उनके सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।'

▪ प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेगी टीम इंडिया

## सुबह छह बजे दिल्ली पहुंचेगी टीम इंडिया



## नरीमन प्वाइंट पर खुली बस में रोड शो



शुक्ला ने कहा, 'नरीमन प्वाइंट से खुली बस में रोड शो कराया जाएगा और फिर खिलाड़ियों को घोषित 125 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।' बीसीसीआई सचिव शाह ने सभी खेल प्रेमियों का गुरुवार की शाम 'विक्ट्री परेड' (जीत के जश्न में परेड) में जुड़ने का स्वागत किया। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'टीम इंडिया की विश्व कप जीत के जश्न में आयोजित 'विक्ट्री परेड' में हमारे साथ जुड़िए। चार जुलाई को शाम पांच बजे मरीन ड्राइव से वानखेड़े स्टेडियम तक पहुंच कर हमारे साथ जश्न मनाईए। तारीख याद रखिए।'



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज रोहतक | गांव रिठाल नरवाल और फौगाट में शिव धाम का निर्माण + 14 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 199.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज पंचकूला | बादोना कलां :- गांव बादोना कलां, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में संजीव की बैठक से गौरव के मकान तक गली का निर्माण + 2 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 73.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज पंचकूला | 1. गांव गानौली, ब्लॉक रायपुर रानी में गूगा मेडी के निकट शैड का निर्माण, 2. गांव गोलपुरा में रविदास मंदिर के निकट पंचायत भूमि में हॉल का निर्माण, 3. गांव सामलेहरी में अम्बेडकर भवन का निर्माण। | 01.07.2024 08.07.2024 | 22.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467628236 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति पिपली का वार्षिक रखरखाव, "जलघर पिपली में गैसियस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (2024-2029 5 वर्ष की अवधि के लिए) + 14 कार्य। | 28.06.2024 08.07.2024 | 129.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव हसनपुर, ब्लॉक घरौंडा, जिला करनाल में महिला चौपाल में हॉल का निर्माण, वीएएनजीवाई 2023-24 + 1 कार्य। | 01.07.2024 16.07.2024 | 13.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सोनीपत | गांव बरोदा मोर ब्लॉक मुंडलाना 2 में एचपीडब्ल्यूडब्ल्यूएमए के तहत अंसार वाला तालाब का पुनरोद्धार + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 120.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज पानीपत | ब्लॉक-इसराना, गांव परधाना, जिला पानीपत में जवाहरा रोड से शाहपुर रोड तक नाला का निर्माण + 3 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 146.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज कथूरा, सोनीपत | गांव रिंढाना जे पाना, ब्लॉक कथूरा में धनाना लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण + 1 कार्य। | 01.07.2024 11.07.2024 | 13.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8808357471 ankitnh56@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज हिसार | मतलोडा, बरवाला, खरखड़ा रोड से शमशेर नम्बरदार के खेत तक रास्ता की पेवमेंट (एचजीवीवाई) द्वितीय एंट्री + 14 कार्य। | 02.07.2024 12.07.2024 | 263.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज हिसार | एमएएमसी अग्रोहा ब्लॉक अग्रोहा में मल्टी जिम इंडोर उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना। | 02.07.2024 15.07.2024 | 41.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 11 | जिला प्रशा. अम्बाला कैंट | हाईजेनिक बनाने के लिए सभी शौचालयों / वॉशरूम, ग्राउंड और सभी फ्लोर्स की उच्च स्तरीय सफाई और रखरखाव के लिये स्वीपिंग, क्लीनिंग सर्विस। | 02.07.2024 17.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 8814869751 sdmambalacantt@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज फतेहाबाद | सहीदांवाली, गांव सहीदांवाली, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 2 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 117.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में सामुदायिक केन्द्र में आयरन शैड का निर्माण, एमपीएलएडी, डीआरडीए + 18 कार्य। | 28.06.2024 05.07.2024 | 450.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | एम.पी. रोही - गांव - एम.पी. रोही, ब्लॉक फतेहाबाद, जिला फतेहाबाद में कृष्ण पुत्र सोहनलाल की साइड ढाणी से कृष्ण पुत्र श्रीराम के खेत तक आईपीबी रास्ता का निर्माण, वीएजीवाई + 11 कार्य। | 01.07.2024 09.07.2024 | 668.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पानीपत | एनएचएम पानीपत के तहत मुद्रण सामग्री हेतु ई-निविदा आमंत्रण। | 02.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7419954431 dampanipat@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्प्लैक्स में 125 केवीए डीजी सैट का प्रावधान + 1 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 24.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 17 | वन विभाग हरियाणा सिरसा | डीएफओ कार्यालय सिरसा की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 08.07.2024 | 3.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 18 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | जिला सिविल हिसार हेतु लैब परीक्षणों की आपूर्ति। | 05.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9215705859 dhs.cshsr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/360/27451/I/88/6 दि. 03.07.24





## चिंतन

# हंगामा, नारेबाजी संसद की प्रकृति न बन जाएं

मोदी 3.0 सरकार के पहले संसद सत्र लक्ष्य के अनुरूप ही चले। सांसदों का शपथग्रहण हुआ, राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, अभिभाषण पर चर्चा हुई, चर्चा के दौरान विपक्ष ने जहां सरकार पर अनेक आरोप लगाए, वहीं सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। पहली बार राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष के तौर पर संसद में अभिभाषण पर चर्चा में शामिल हुए। उन्होंने विषयान्तर होकर सरकार पर अनेक आरोप चस्पा किए, जिसमें सरकार को तुरंत हस्तक्षेप भी करना पड़ा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने धन्यवाद संबोधन में लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष के हर आरोप का न केवल जवाब दिया बल्कि कांग्रेस को कटघरे में खड़ा भी किया। इस छोटी अवधि के सत्र की सबसे बड़ी खामी यह दिखी कि सत्ता पक्ष ने जिस धैर्य के साथ नेता प्रतिपक्ष समेत सभी विपक्षी वक्ताओं को सुना, विपक्ष ने ऐसा नहीं किया, पीएम के जवाब के दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद होहल्ला करते रहे, नारेबाजी करते रहे, व्यवधान पैदा करते रहे। सुनाने के साथ सुनने की भी शिष्टता की जरूरत होती है। विपक्षी खासकर कांग्रेस सदन के कामकाज में खलल डालने में सबसे आगे रही। केवल आरोप लगा देना ही काफी नहीं है, उसका जवाब सुनना भी आवश्यक है। पीएम मोदी के संबोधन के दौरान लोकसभा व राज्यसभा में कांग्रेस सांसदों ने जिस प्रकार सयास व्यवधान डाला, शोरगुल किया, वह अशोभनीय है, संसद की गरिमा के खिलाफ है। सांसदों का सदन में दायित्व है कि जब कोई संसद सदन में अपनी बात रखें तो उपस्थित सांसदों को उसे शांतचित्त से सुनना चाहिए। होहल्ला करने से कोई किसी की बात न सुन सकेगा, न समझ सकेगा और न संवाद प्रेषित हो सकेगा। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अहम है, लेकिन वह रचनात्मक होनी चाहिए, अवरोधक नहीं होनी चाहिए। दुर्भाग्य से हमारी संसद में विपक्ष ने अपनी भूमिका अवरोधक की तय कर ली है। विपक्ष को भ्रम हो गया है कि जनादेश उसके पक्ष में है, जबकि ऐसा नहीं है। देश की जनता ने जनादेश मोदी नीत राजग को दिया है, इसजिए राजग ने लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी को यह भी भ्रम है कि भाजपा व संघ के लोग ऐसे हिंदू हैं जो हिंसा की बात करते हैं, जबकि ऐसा नहीं है, यह हिंदू के एक बड़े वर्ग को अपमानित करने जैसा है। पीएम मोदी ने नीट पर विपक्ष के सवालों का जवाब दिया कि एक भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने जवाब में कहा कि घाटी में आतंकवाद अंतिम चरण में है, सरकार इसके खात्मे करने को लेकर प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचार बढ़ने के विपक्ष के आरोपों पर पीएम ने कहा कि सरकार ने करप्शन के खिलाफ काम कर रही एजेंसियों को खुली छूट दे रखी है, दोषी कटघरे में खड़े किए जाएंगे। पीएम ने सदन को आश्वस्त भी किया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार के आने वाले पांच वर्ष गरीबों के खिलाफ लड़ाई के लिए निर्णायक हैं। आज ही आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड एकोनॉमिक रिसर्च ने अपने शोधपत्र में दावा किया है कि कोविड महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में गरीबी वित्त वर्ष 2011-12 के 21.2 प्रतिशत से घटकर 2022-24 में 8.5 प्रतिशत पर आ गई। यह मोदी सरकार के दस साल की कार्यावधि की बड़ी उपलब्धि है कि गरीबी में 12.5 फीसदी के करीब कमी आई है। ये आंकड़े बताते हैं कि मोदी सरकार की नीति भी सही है और नीयत भी। मोदी सरकार जनकल्याण की भावना राष्ट्र के विकास व गरीबी उन्मूलन के लिए काम कर रही है। संसद में विपक्ष को हंगामे का प्रतीक बनने की बजाय रचनात्मक लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम करना चाहिए।

## सवाल

डॉ. रमेश ठाकुर



# किसकी लापरवाही से सत्संग स्थल बना श्मशान घाट

सत्संग स्थल को किसने श्मशान घाट में तब्दील किया? ये सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह बाये खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि पांच हजार सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे पहले सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायर ब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं, हाथरस भगदड़ हादसा स्थानीय प्रशासन की घोर लापवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले नाथ प्रवचन का आयोजन था, उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था थी। लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक सत्संग प्रवचन सुन पहुंचे हुए थे, इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है, पर जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है। हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। हादसा होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा फरार हो गया। बाबा की हकीकत जाने तो वह कोई जन्मजात साधु या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा। करीब 26 वर्ष तक उन्होंने इंटेलिजेंट ब्यूरों में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और 'विश्व हरि भोले' रख लिया। फिर कूद पड़ा आध्यात्मिक क्षेत्र में, बीते कुछ वर्षों में उन्होंने हिंदी पट्टी के राज्यों में लाखों की संख्या में अपने अनुयायी बनाए। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है। ग्रामीण स्तर की महिलाएं इनकी भक्त ज्यादा हैं। जाहिर सी बात महिलाएं जब कहीं जाती हैं तो अपने साथ छोटे बच्चों को जरूर ले जाती हैं। मंगलवार को भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हुआ। सवाल उठता है सरकार-प्रशासन इस हादसे से कुछ सबक लेगा या फिर मुआवजा और सहानुभूति देकर मात्र मामला शांत करेगा। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री और पक्ष-विपक्ष के नेता भी दुख प्रकट कर रहे हैं, करना भी चाहिए, घटना ही ऐसी, जो सुन रहा है उसके रौंगटे खड़े हो रहे हैं। घटना का दोषी समूचा स्थानीय प्रशासन है, उसकी लापरवाही से ही ये घटना घटी। घटना कैसे घटी ये जानना जरूरी है। प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब इंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वो भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे, पर यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। सैकड़ों श्रद्धालुओं के हताहत होने की खबर घटना के कुछ घंटों बाद ही सामने आ चुकी है। हताहतों की संख्या का बढ़ना भी अभी निश्चित है, क्योंकि सैकड़ों घायल श्रद्धालु विभिन्न अस्पतालों में गंभीर हालत में भर्ती हैं, लेकिन सत्संग स्थल कैसे समाधि स्थल बना इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने का ऐलान कर दिया है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है, लेकिन ये मुआवजा वह जख्म कभी नहीं भर सकता है, जो इस हादसे ने दिया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, दोषी चाहे फिर आयोजक हों या प्रशासनिक अधिकारी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



संसद

उमेश चतुर्वेदी

1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला ने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी थी।

# ...गरिमापूर्ण बना रहे लोकतंत्र

वर्ष 1999 के आम चुनाव में मधेपुरा सीट से शरद यादव के हाथों हारने के ठीक तीन साल बाद लालू यादव राज्यसभा पहुंचे। संसद के दोनों सदनों की एक परिपाटी रही है। जब भी कोई नया सदस्य बोलता है, पूरे सदन से उम्मीद की जाती है कि उससे टोका-टाकी ना हो, लेकिन नए सदस्य से भी उम्मीद की जाती है कि वह भी अपने भाषण में ऐसे मुद्दों को ना शामिल करे, जो विवादित हों। लालू यादव कहां मानने वाले थे। भाषण के शुरूआत के कुछ ही देर बाद वे उन सारे मुद्दों पर आ गए, जिन पर सदन में शोरशराबा होना लाजिमी था। शोर बढ़ता देख राज्यसभा की तत्कालीन उपसभापति नजमा हेपतुल्ला आसन पर पहुंची, क्योंकि तब आसन कोई और संभाल रहा था। उन्होंने लालू यादव के भाषण पर तत्काल रोक लगा दी। उन्हें समझाया कि एक राज्य के मुख्यमंत्री रहे और एक पार्टी के अध्यक्ष से ऐसी असंसदीय परंपरा की उम्मीद नहीं की जा सकती। लालू यादव ने आसन की बात मानी और फिर उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

इसके बरक्स आज की संसद को हमें देखना चाहिए। हमने जिस संसदीय लोकतंत्र को स्वीकार किया है। वह एक तरह से ब्रिटेन की कॉपी है। ब्रिटेन की संसद में कई अच्छी परंपराएं हैं। जैसे संसद का कोई सदस्य किसी पर बिना किसी प्रमाण के आरोप नहीं लगा सकता। सांसद चाहे जिस भी पृष्ठभूमि या दल का हो, वह हवा-हवाई किसी पर आरोप नहीं लगाता। लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में संसद को सबसे पवित्र दर्जा हासिल है। इसी पवित्रता बोध पर ही संसदीय परंपराएं निर्मित हुई हैं और उन्हें पल्लवित-पुष्पित किया गया है। देश चाहे जो भी हो, अगर वहां लोकतंत्र मजबूत बना हुआ है तो इसकी बड़ी वजह वहां की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संसद के प्रति पावन भाव की बड़ी भूमिका है। संविधान सभा की बहसों से जब हम गुजरेंगे तो हमें पता चलेगा कि संविधान निर्माताओं ने अपनी संसद के प्रति भी ऐसा ही भाव रखा था। जिसका कमोबेश हर दल पालन करता रहा है, लेकिन हाल के कुछ वर्षों में संसद को पवित्र जगह मानने का भाव कमजोर हुआ है। कुछ राज्यों की विधानसभाएं अखाड़े में जरूर परिवर्तित होती रही हैं। तमिलनाडु की विधानसभा में जयललिता से हुई बदसलूकी और उत्तर प्रदेश की विधानसभा में हुई खुली मारपीट इसका उदाहरण हैं, लेकिन कुल मिलाकर हर विधानसभा से यही उम्मीद की जाती रही है कि उनके यहां भी पवित्रता बोध से भरी संसद जैसा ही बर्ताव होगा। शायद यही वजह है कि संसदीय कार्यवाही को लेकर खास तरह के आदरभाव की उम्मीद की जाती रही है। हाल के कुछ वर्षों में यह आदरभाव कम हुआ है। इसकी बड़ी वजह यह है कि आज की राजनीतिक पीढ़ी संसद को अपनी भड़ास निकालने और इस पूरी प्रक्रिया में अनर्गल प्रलाप करने का माध्यम तक मान चुकी है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने इस सोच को एक कदम और आगे बढ़ा दिया। विधानसभा और राज्य का विषय भले ही न हो, लेकिन उस पर विचार के लिए विधानसभा बुला ली संसदीय विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए अनाप-शनाप बोला और आरोप लगा दिया। दिल्ली विधानसभा



की तमाम कार्यवाहियों के देखेंगे तो हर बार कुछ दिन ऐसे जरूर रहेंगे, जब सत्ता पक्ष, मुख्यमंत्री या मंत्री केंद्र सरकार, विपक्षी नेता पर आधारहीन आरोप लगाएगा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान राहुल गांधी का भाषण भी अरविंद केजरीवाल मार्का राजनीति का विस्तार लगता है। दरअसल संसद या विधानमंडलों के सदस्यों को एक विशेषाधिकार हासिल है। संसद या विधानमंडल में बोलने या वहां किसी पर आरोप लगाने को लेकर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। केजरीवाल सरकार इसी विशेषाधिकार का इस्तेमाल करके बार-बार विधानसभा सत्रों में आरोप लगाती रही है। केजरीवाल बाहर रहते हुए भी खूब आरोप लगाते रहे। आधारहीन आरोपों को लेकर जब अरुण जेटली और नितिन गडकरी ने अदालती कार्यवाही की तो बिना शर्त माफी भी मांग ली। कई ऐसे और भी मामले रहे। इसी तरह राहुल गांधी भी जनसभाओं में आरोप लगाते रहे। ऐसे आरोपों को लेकर उन पर मामले भी चल रहे हैं। जिसमें एक रांची में भी चल रहा मामला है। ठाणे में भी उन पर मामला चल रहा है। राहुल गांधी से उम्मीद थी कि वे संसद में जो भी आरोप लगाएंगे, कम से कम उनके पास उनका ठोस आधार होगा। अगर वे ऐसा करते तो उनके कई आरोपों को संसदीय कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाया नहीं जा सकता था। यह बात और है कि संसदीय कार्यवाही से उनके बयानों के कई अंशों को हटाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप लगाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि वे सरकार के दबाव में ऐसा कर रहे हैं। कांग्रेस की रणनीति है कि जनता यह मान लें कि राहुल गांधी ने जो किया है, वही सही है। जनता का एक वर्ग इसे मान भी लेगा। सोशल मीडिया के दौर में ऐसा संभव भी है। आज पृष्ठभूमि की तह तक जाने का लोगों के पास वक्त नहीं है। सोशल मीडिया ने हमें तात्कालिक सूचनाओं को ही समूचा ज्ञान मानने की प्रक्रिया का सफल अंग बना दिया है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब पारंपरिक तौर पर प्रधानमंत्री देता है। प्रधानमंत्री के जवाब के वक्त जिस तरह लगातार टोकाटाकी हुई, वह भी संसदीय परंपरा का खुला उल्लंघन है। संसदीय परंपरा है कि जब प्रधानमंत्री बोल रहा हो तो दूसरा सदस्य तब बोलेगा, जब प्रधानमंत्री उसे मौका देते हुए अपनी सीट पर बैठ जाएं। अगर प्रधानमंत्री खड़ा है तो मतलब है कि सदन को उसे सुनना है। अगर सदन को किसी बात पर आपत्ति है तो सदस्य बाद में प्रधानमंत्री से स्पष्टीकरण मांग सकते हैं। इस संदर्भ में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते वक्त लोकसभा का एक किस्सा याद आ रहा है। गुजरात से जुड़े एक मसले पर चर्चा के दौरान जब प्रधानमंत्री वाजपेयी ने हस्तक्षेप किया तो गुजरात के एक कांग्रेसी सांसद ने टोकाटाकी शुरू कर दी। उनकी टोकाटाकी से परेशान वाजपेयी यह कहते हुए बैठ गए कि अब आप ही बोलिए, प्रधानमंत्री नहीं बोलेगा। अटल के बैठते हुए पूरी सदन में जैसे सन्नाटा छा गया। इसके बाद प्रियरंजन दास मुंशी अपनी सीट पर खड़े होकर बताने लगे कि अटल जी भाषण क्यों नहीं देंगे। ऐसे में जिस कांग्रेसी सांसद ने वाजपेयी को टोक-टोक कर परेशान किया था, शर्मिंदा हो गए और वाजपेयी से माफी मांगी। उसके बाद प्रधानमंत्री अपनी सीट पर खड़े हुए और तत्कालीन चर्चा पर विपक्ष की बखिया उधेड़ दी। मंत्रियों का जोरदार बचाव किया।

ये संसदीय परंपरा बहुत पुरानी बात नहीं है। सवाल यह है कि क्या आज के सांसद और विशेषकर नेता प्रतिपक्ष जैसे अहम सांसद भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे? सदन में जो बोला जा रहा है, चाहे जितना भी ताकतवर सांसद हो, वैसा सदन के बाहर बोले तो उसके खिलाफ मुकदमों की बौछार हो सकती है। संसदीय परंपराओं की महानता को हम बचाकर नहीं रखेंगे तो इसके संदेश बेहद खराब होंगे। लोग और वोटर फिर संसद को क्यों गंभीर मानेंगे। इससे संसद की गरिमा का पतन होगा और अंततः इससे लोकतंत्र कमजोर होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# ऐसी है ईश्वर के नाम की महिमा




संकलित

## दर्शन

ईश्वर के नाम का जप अनोखे आनंद को जन्म देता है। इसका वर्णन करना कठिन ही नहीं, असंभव भी है। भगवन्नाम हमारे अंदर एक प्रकार की अलौकिक शक्ति भर देता है। वह हमारे स्वभाव में आश्चर्यजनक परिवर्तन कर देता है। वह मनुष्य को देवताओं के समान गुणों से अलंकृत कर देता है। वह हमारे पुराने पापों, वासनाओं, संकल्पों, संदेह तथा अनेक प्रकार की मलिन चित्त-वृत्तियों को नष्ट कर देता है। जिस प्रकार अग्नि में जलने योग्य प्रत्येक वस्तु को जला देने की स्वाभाविक शक्ति है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में भी पाप, मलिन-वृत्ति और वासना को जलाने के साथ अनंत, आनंद और अमर शांति प्रदान करने की भी शक्ति है। जैसे दावाग्नि में वृक्ष, काष्ठादि को जलाने की शक्ति स्वाभाविक है। उसी प्रकार ईश्वर के नाम में पाप-रूपी वृक्ष को उसकी जड़ और शाखाओं सहित जला डालने की अद्भुत और स्वाभाविक शक्ति है। ईश्वर का नाम भाव-समाधि द्वारा भक्त को ईश्वर से मिला देता है। हे मनुष्य! ईश्वर के नाम की शरण में जा। निरंतर ईश्वर का नाम जपा कर। प्रत्येक श्वास के साथ ईश्वर के पवित्र नामों का उच्चारण कर। इस कराल कलिकाल में ईश्वरत्व तक पहुंचने के लिए नाम-स्मरण अथवा जप सबसे अधिक सुगम, शीघ्र, सुरक्षित और निश्चित मार्ग है। यह अमरत्व और अनंत आनंद का दाता है। हे परमात्मन, तेरी और तेरे नाम की महिमा अपरम्पार है। तुम गणिका पिंगला की कहानी तो जानते ही होंगे। वह भी राम का नाम लेने से कितनी जल्दी एक साध्वी बन गई थी।

# बुराइयों का कारण जाने बिना उससे मुक्ति नहीं



संकलित

## प्रेरणा

हर रोज की तरह एक दिन भगवान बुद्ध सुबह भिक्षुओं की सभा में आए। सभा में प्रतीक्षा कर रहे उनके शिष्य यह देखकर चकित हुए कि बुद्ध पहली बार अपने हाथ में कुछ लेकर आए हैं। वह हमेशा खाली हाथ आते हैं, लेकिन आज उनके हाथ में कपड़े का एक टुकड़ा था। सभी शिष्य यह देखकर समझ गए कि आज कोई विशेष प्रयोजन है। बुद्ध अपने आसन पर आकर बैठ गए। उन्होंने किसी से कुछ नहीं कहा और कपड़े के टुकड़े में थोड़ी-थोड़ी दूरी पर पांच गांठें लगा दीं। सब शिष्य इंतजार कर रहे थे कि बुद्ध अब क्या कहेंगे। बुद्ध ने वहां उपस्थित अपने सभी शिष्यों से पूछा कि क्या कोई मुझे बता सकता है कि क्या यह कपड़े का वही टुकड़ा है, जो गांठें लगने से पहले था। शारिपुत्र ने कहा, 'एक प्रकार से तो यह कपड़े का टुकड़ा वही है, क्योंकि इसमें किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है, लेकिन दूसरी तरह से देखें तो पहले इस कपड़े में पांच गांठें नहीं थीं। इस नजरिये से यह पहले जैसा नहीं रहा। यद्यपि इसकी मूल प्रकृति अपरिवर्तित है। इसका केवल बाहरी रूप बदला है। बाकी सब कुछ वही है।' बुद्ध ने शारिपुत्र से सहमति जताते हुए कहा कि तुम सही कह रहे हो। अब मैं इन गांठों को खोल देता हूं। यह कहकर बुद्ध उस कपड़े के दोनों सिरों को पकड़ कर खींचने लगे। उन्होंने शारिपुत्र की ओर देखते हुए पूछा कि क्या तुम्हें लगता है कि मैं इस प्रकार इनकी गांठों को खोल पाऊंगा। शारिपुत्र ने कहा, 'नहीं तथागत, इस प्रकार तो गांठें और कस जाएंगी। यह कभी नहीं खुलेंगी।'

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मजदूरों को सेवानिवृत्ति के बाद मिले पेंशन

हर साल मजदूर दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर कई प्रोग्राम होते हैं, लेकिन मजदूरों की वास्तविक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। कारण यह है कि उन्हें मेहनत के अनुसार पगार नहीं मिलती है। इसलिए मजदूरों को उनके बुढ़ापे में सरकार की ओर से प्रति माह 15,000 हजार रुपए की पेंशन दी जानी चाहिए। इससे सरकारी कोष पर कुछ बोझ जरूर पड़ेगा, लेकिन जब कुछ राज्यों में सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस दी जा सकती है, तो मजदूरों के कल्याण के लिए सरकारों को यह बोझ भी वहन कर लेना चाहिए। इससे मजदूरों को बुढ़ापे की जो चिंता होती है, वह खत्म हो जाएगी और उनके चेहरों पर मुस्कान फैलेगी।

*-गज्जू राम साहू*

## करंट अफेयर

# विश्व हरि बाबा के मैनपुरी आश्रम की सुरक्षा कड़ी की गई

हाथरस के सिकन्दराराऊ में विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के सत्संग के बाद उनकी चरण धूलि लेने के लिये दौड़ी भीड़ में भगदड़ मचने की घटना के बाद बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम के बाहर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त कर दिये गये हैं। भगदड़ कांड के बाद मैनपुरी के बिछवां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम के बाहर कड़ा सुरक्षा घेरा बनाया गया है। आश्रम के बाहर कई थानों की पुलिस मौजूद है और आश्रम के अंदर मीडिया सहित किसी को भी दाखिल होने की इजाजत नहीं दी जा रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस में भगदड़ कांड के बाद से बिछवां स्थित विश्व हरि बाबा भोलेनाथ के आश्रम में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। इस सवाल पर कि क्या बाबा आश्रम में मौजूद हैं, सिंह ने कोई जवाब नहीं दिया। हालांकि खुफिया विभाग के एक अधिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि बाबा भोलेनाथ आश्रम के अंदर हैं। उनकी सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया है। गौरतलब है कि हाथरस के फुलरई गांव में विश्वहरि बाबा भोलेनाथ द्वारा आयोजित सत्संग के दौरान मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की हो गई थी। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएँ हैं। अधिकतर श्रद्धालुओं की दम घुटने से मौत हुई और लोग एक-दूसरे के ऊपर ढेर होते गए।



## ऑफ बीट

# 10 भारतीय भाषाओं में 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' विजेताओं की घोषणा




न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने तमिल, गुजराती, हिंदी और उर्दू में 2024-25 के लिए एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' के विजेताओं की बुधवार को घोषणा की। एनआईएफ 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' 10 भारतीय भाषाओं असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू के कथेतर रचनाओं के अनुवाद के लिए प्रदान किया जाता है। फाउंडेशन ने एक बयान में बताया कि प्रत्येक विजेता को छह महीने के लिए यह फेलोशिप दी जाती है और इस अवधि में छह- छह लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। फेलोशिप प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को 1850 के बाद प्रकाशित ऐतिहासिक भारतीय भाषा की रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना होता है। एनआईएफ फेलोशिप के अध्यक्ष श्रीनाथ राघवन ने एक बयान में कहा, 'ट्रांसलेशन फेलोशिप' का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में भारत के बारे में रची गई कथेतर रचनाओं का अंग्रेजी में अनुवाद करना है, जिससे इन महत्वपूर्ण रचनाओं को ज्यादा से ज्यादा पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। विजेताओं को संपादकीय और वित्तीय सहायता के साथ-साथ एनआईएफ के न्यासियों, द्विभाषी विद्वानों और लेखकों से बनी भाषा विशेषज्ञ समिति के साथ काम करने का अवसर भी मिलेगा।

## ट्रेंड

### ईवीएम से कांग्रेस का बैर

डॉ.भीमराव अंबेडकर जब 1952 का चुनाव लड़ने गए तब नेहरू ने उनके खिलाफ प्रचार किया! उस चुनाव में 'डॉ.अंबेडकर जी 14 हजार वोट से हारे और आश्चर्यजनक रूप से 78 हजार वोट अमान्य किए गए!' तो 'ईवीएम से कांग्रेस का बैर और बैलेट पेपर से कांग्रेस का प्यार पुराना है।'



-जेपी नडडा, केंद्रीय मंत्री

### खुद को याद दिलाएं

अगर आप चाहते हैं कि आपका रिश्ता चले, और खूब चले तो इसके लिए आवश्यक है कि खुद को लगातार यह याद दिलाएं कि दूसरा आपसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सत्य छिपा नहीं है-आप उससे छिप रहे हैं



-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### इसलिए वाकआउट किया

इंडिया गठबंधन ने इसलिए वाकआउट किया क्योंकि मोदी झूठ बोल रहे थे। वे कहते हैं कि हम संविधान के विरोध में हैं, सच्चाई यह है कि बीजेपी आरएसएस, जनसंघ और उनके राजनीतिक पुरखों ने भारत के संविधान का विरोध किया था।



-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### दो तरह के शिक्षा मॉडल

इस देश में दो तरह के शिक्षा मॉडल हैं। पहला मॉडल, अरविंद केजरीवाल मॉडल, का लक्ष्य बेहतर शिक्षा और उज्जवल भविष्य प्रदान करना है। दूसरा प्रकार शिक्षा-परीक्षा माफिया है जो बड़े पैमाने पर पेपर लीक और बेरोजगारी को बढ़ावा देता है।



-राघव चड्ढा, आप सांसद

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## पीएम ने राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया जवाब

# कांग्रेस की मानसिकता अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी : प्रधानमंत्री

### 01 घंटा 50 मिनट बोले, 32वें मिनट पर विपक्ष ने किया सदन से वॉकआउट

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में प्रधानमंत्री नीट, मणिपुर संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, सीबीआई-ईडी, फेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा, राहुल, दलितों पर बोले। प्रधानमंत्री मोदी जब 32 मिनट बोल चुके थे, तब विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट किया। वॉकआउट प्रधानमंत्री द्वारा सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद हुआ। उन्होंने कहा- ये लोग ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। इस पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ बोले- ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। पीएम ने कहा- कल उनकी सारी हरकतें फेल हो गईं, इसलिए वे मैदान छोड़कर भाग गए। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है।



- सोनिया गांधी पर निशाना साधने के बाद विपक्ष ने किया सदन से वाकआउट।
- जगदीप धनखड़ बोले- ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं।

#### मणिपुर हिंसा

मणिपुर में लगातार हिंसक घटनाएं कम हो रही हैं। स्कूल-कॉलेज, दफ्तर और अन्य संस्थान चल रहे हैं। मणिपुर में भी परीक्षाएं हुई हैं। जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डाल रहे हैं, एक समय आएगा जब मणिपुर उन्हें रिजेक्ट कर देगा। जो लोग मणिपुर का इतिहास जानते हैं, उन्हें पता है कि वहां सामाजिक संघर्ष का इतिहास रहा है। इन्हीं कारणों से मणिपुर में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। मैं इस सदन में देश को बताना चाहता हूं कि 1993 में मणिपुर में ऐसी ही घटनाएं हुई थीं, जो 5 साल चली थीं। यह इतिहास समझकर हमें स्थितियों को ठीक करना है।

#### कांग्रेस

बहुत सी पार्टियां उनके (कांग्रेस के) साथ बैठी हैं, वह अल्पसंख्यकों की हितैषी होने का दावा करती हैं। वे मुजफ्फरनगर तुर्कमान गेट पर क्या हुआ, उसको क्लीन चिट देती है। ऐसे लोग हाथ में संविधान की कॉपी लेकर अपने काले कारनामे छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

#### इमरजेंसी

कांग्रेस ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस को फिर घेरा। उन्होंने कहा कि यह एक राजनीतिक संकट नहीं था। लोकतंत्र संविधान के साथ-साथ एक मानवीय संकट भी था। अनेक लोगों की मौत हुई। जय प्रकाश नारायण की हालत ऐसी थी कि वे जेल से आकर कभी ठीक नहीं हो पाए। वो दिन ऐसे थे, जो कुछ लोग घर से निकले वे लौटकर नहीं आए। उनके शव तक नहीं मिले।

#### भ्रष्टाचार

जिन्हें सजा मिली है, उनके साथ ये (कांग्रेस नेता) तस्वीरें निकाल रहे हैं। जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो ये हंगामा कर रहे हैं। यहां केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए कि सरकार इनका दुरुपयोग कर रही है। भ्रष्टाचार करे आम आदमी पार्टी (आप), शराब घोटाला करे आप, बच्चो के काम में घोटाला करे आप। आप की शिकायत करे कांग्रेस और आप को कोर्ट में ले जाए कांग्रेस। कार्रवाई हो तो गाली मोदी को। अब आप और कांग्रेस साथी बन गए हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनाव के लिए नहीं लड़ता, ये मेरा मिशन है।

### इन विषयों पर भी दिया जवाब

#### जांच एजेंसी

पीएम ने कहा कि 2013 में मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि कांग्रेस से लड़ना आसान नहीं है। जेल में डाल देगी, सीबीआई पीछे लगा देगी। मैं रामगोपाल जी से पूछना चाहता हूं कि क्या नेताजी झूठ बोलते थे। रामगोपाल जी, अपने भतीजे को भी यह याद दिलाएं कि राजनीति में कदम रखते ही उनके पीछे सीबीआई लगी थी। 2013 में प्रकाश करात ने कहा था कि कांग्रेस सीबीआई का दुरुपयोग करती है। यूपीए सरकार के वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई पिंजरे में बंद तोता है, जो मालिक की आवाज में बोलता है।

#### संविधान

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने दो दिन में कई वरिष्ठ नेताओं की बात सुनी, पूरे देश को निराशा हुई। कहा गया कि ये पहला चुनाव था, जिसमें संविधान की रक्षा का मुद्दा था। क्या आप 1977 का चुनाव भूल गए? तब अखबार रेडियो बंद थे और देश ने संविधान की रक्षा के लिए वोट दिया था। आपातकाल को मैंने करीब से देखा है, लोगों को प्रताड़ित किया गया। लोकसभा का कार्यकाल 5 साल है, लेकिन तब 7 साल चलाया गया। यह कौन सा संविधान है। दर्जनों आर्टिकल यानी संविधान की आत्मा को छिन्न भिन्न करने का काम इन लोगों ने उसकाल खंड में किया। आपके मुंह में संविधान की रक्षा शब्द अच्छा नहीं लगता।

#### महिला

हम विमेन लेड डेवलपमेंट की बात करते हैं तो विश्व के नेता चौंक जाते हैं। महिलाओं का योगदान भारत की विकास यात्रा में दिखता है। टॉयलेट, सैनिटरी पेड, गैस कनेक्शन का फायदा देश को मिला है। हमने जो 4 करोड़ घर बनाए हैं, उनमें से ज्यादातर महिलाओं के नाम कराए। सुकन्या समृद्धि जैसी योजनाओं से महिलाओं की भूमिका भी बढ़ी है, हिस्सेदारी भी बढ़ी है। महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा, उनकी आय भी बढ़ी। नई तकनीक महिलाओं के नसीब मे आखिर में आती है, हमारा लक्ष्य है, कि नई तकनीक पहले महिलाओं के हाथ लगे। नमो ड्रोन योजना इसका उदाहरण है। आने वाले 5 साल गरीबी के खिलाफ लड़ाई के निर्णायक हैं। जब देश दुनिया की तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनेगा तो इसका लाभ और प्रभाव जीवन के हर क्षेत्र पर पड़ने वाला है। विकास के अनेक अवसर मिलने वाले हैं। आने वाले कालखंड में हम नए स्टार्टअप और नई कंपनियों को देख रहे हैं।

## द्रमुक ने उठाई नीट को समाप्त करने की मांग, किया प्रदर्शन

**चेन्नई (भाषा)।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम (द्रमुक) ने बुधवार को कहा कि नीट परीक्षा का विरोध अब अखिल भारतीय मुद्दा बन गया है और उसे इसके समाप्त होने जैसे किसी अच्छे परिणाम की उम्मीद है, वहीं मशहूर तमिल अभिनेता विजय ने नीट परीक्षा के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव का समर्थन किया। द्रमुक की छात्र इकाई ने नीट परीक्षा समाप्त करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया, वहीं अन्नाद्रमुक और भाजपा ने इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ पार्टी पर लोगों को गुमराह करने तथा नाटक करने का आरोप लगाया।

### साजिशकर्ता गिरफ्तार

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) पेपर लीक मामले में कथित सह-साजिशकर्ता अमन सिंह को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई को कथित तौर पर पेपर लीक में शामिल झारखंड में सक्रिय मॉड्यूल के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी, जिसके बाद सिंह को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने इससे पहले हजारीबाग में स्थित ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य और कथित तौर पर नीट परीक्षार्थियों को ठहरने के लिए वह फ्लैट उपलब्ध कराने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

## अमृतपाल को पैरोल, कल लेंगे सांसद पद की शपथ

**गुवाहाटी।** असम की जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को चार दिन की परोल दी गई है। अमृतपाल 5 जुलाई को सांसद के रूप में शपथ लेगा। अमृतपाल हाल में हुए लोकसभा चुनाव में पंजाब की खंडूर साहिब लोकसभा सीट पर बतौर निर्दलीय प्रत्याशी 1.97 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी। वह असम की डिब्रूगढ़ जेल में एनएसए के तहत बंद है। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने जमानत के लिए याचिका दायर की थी। इसके बाद कोर्ट से इजाजत मिली।



### के. चंद्रशेखर राव के करीबी

## बीआरएस के वरिष्ठ नेता रहे केशव राव की हुई कांग्रेस में 'घर वापसी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के करीबी और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता के. केशव राव बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वह पहले भी कांग्रेस में रह चुके हैं और लंबे समय बाद उन्होंने पार्टी में वापसी की है। कांग्रेस के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के साथ ही पार्टी प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी भी मौजूद थीं। खरगे ने राव का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उचित घर वापसी। हम वरिष्ठ नेता के. केशव राव जी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हैं।



## राहुल गांधी के घर के बाहर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पुलिस को मंगलवार को ऐसे इनपुट मिले हैं कि हिंदूवादी संगठन उनके घर के बाहर हंगामा कर सकते हैं। इसके चलते पैरामिलिट्री का एक प्लाटून राहुल के घर के बाहर तैनात किया गया है, जिसमें स्थानीय पुलिस भी शामिल है। सोमवार को राहुल ने लोकसभा में भाजपा के खिलाफ जो भाषण दिया था, उसके चलते संसद में काफी हंगामा हुआ था। राहुल के भाषण को लेकर हिंदूवादी संगठनों में नाराजगी है, जिसकी वजह से सुरक्षा बढ़ाई गई है।



### देश का पहला धार्मिक एक्सप्रेसवे!

## गोवा घूमने के साथ 3 शक्तिपीठों के दर्शन करें, लगेंगे केवल 8 घंटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोवा घूमने की हसरत को आसान और खूबसूरत बनाने के लिए महाराष्ट्र स्टेट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने बड़ा प्लान बनाया है। गोवा तक सड़क मार्ग से जाने के लिए 802 किमी लंबा एक्सप्रेसवे बन रहा है। जमीन अधिग्रहण का काम भी लगभग पूरा हो गया है। जल्द ही निर्माण भी शुरू हो जाएगा। यह एक्सप्रेसवे नागपुर से गोवा तक बनाया जा रहा और इसका नाम नागपुर-गोवा शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे रखा गया है। इस एक्सप्रेसवे को शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह आपको 3 शक्तिपीठों के भी दर्शन कराता है। 6 लेन के इस एक्सप्रेसवे को 2028-29 तक तैयार करने का लक्ष्य है। प्रोजेक्ट की लागत करीब 83,600 करोड़ की है। मार्च, 2023 में इसे बनाने की मंजूरी मिली थी।



ADMISSIONS
BACHELOR OF ENGINEERING / TECHNOLOGY (B.E./B.TECH.)
FOR SESSION 2024-25

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
Government of Haryana

For all Govt. Universities / Govt. & Private Engineering Colleges in the State of Haryana

Apply online at techadmissionshry.gov.in

COURSE
- B.E./B.Tech. 4 YEARS

ELIGIBILTY
- 10+2 with PCM/PCB +other subjects

BASIS OF ADMISSION
- All India Rank of JEE Mains-2024 conducted by NTA

Registration for Admission (for the session 2024-25)
Last date of Registration : 25.07.2024

Impetus to Join Engineering in Haryana
- Transparent & fair admission process
- B.Tech. in hindi medium in selected State Universities
- 25% Horizontal reservation for girl candidates
- 5% Seats for Tuition Fee Waiver (TFW) Scheme
- 10% Seats for Economical Weaker Section (EWS)
- 1 seat in each branch for Haryana Govt. School Toppers (HGST)

Please visit
www.hstes.org.in
(for B.E. / B.Tech. & B.Arch. Prospectus, Admission Schedule & Important Notices)
www.techadmissionshry.gov.in
(for applying online and further details)

Scan QR code for Registration (Session 2024-25)

Directorate of Technical Education, Haryana
under the Ambit of Deptt. of Higher Education, Govt. of Haryana
1800-137-3735 (toll-free)
onlineadmissionhelp@gmail.com

Information, Public Relations and Languages Department, Haryana | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana




## खबर संक्षेप

### नई दिल्ली में दो दिवसीय ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन शुरू

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की देखरेख में दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की शुरूआत 3 जुलाई से हो गई है। बता दें कि ग्लोबल इंडिया एआई समिट 2024' का इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय की एक प्रेस वार्ता के विज्ञप्ति अनुसार, शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना है, जो नैतिक और समावेशी एआई विकास के लिए भारत के समर्पण को मजबूत करेगा।

### मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को लाया जाएगा भारत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुंबई आतंकी हमलों में शामिल पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को भारत लाने की तैयारी है। तहव्वुर राणा पर साल 2008 में हुए मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है। अमेरिका के सहायक अटॉर्नी ब्रैम एल्डेन ने न्यायालय को बताया कि भारत-अमेरिका की प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

### सरकारी विभाग और बैंक भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जांच ऑनलाइन भेजें

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सभी सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों सहित अन्य को उनके पास भेजी गई भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जांच रिपोर्ट ऑनलाइन भेजने को कहा है। विभिन्न स्रोतों से निगरानी संस्था को प्राप्त शिकायतों पर सीवीसी के शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) पोर्टल पर कार्रवाई की जाती है।

### नेपाली कांग्रेस ने सरकार गठन व भावी कार्रवाई पर की चर्चा

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाली कांग्रेस की प्रमुख समिति ने बुधवार को नेपाल की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और पार्टी की भविष्य की रणनीति पर चर्चा को लेकर बैठक की। हिमालयी देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ने नई सरकार बनाने के लिए सीपीएन-यूएमएल के साथ सत्ता साझेदारी समझौते के एक दिन बाद बैठक की।

## सेना प्रमुख बनने के बाद जनरल द्विवेदी का पहला दौरा

# एलओसी पर अभियान संबंधी तैयारियों का जायजा लिया

### आतंक रोधी अभियान के मद्देनजर यात्रा अहम

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र ने कामकाज के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

भाषा ▶▶ पुंछ/जम्मू

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति और नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की अभियान संबंधी तैयारियों का जायज़ा लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीस जून को 30वें सेना प्रमुख के तौर पर पदभार संभालने के बाद यह जम्मू क्षेत्र की उनकी पहली यात्रा है।

अमरनाथ यात्रा और विशेषकर पहाड़ी जिलों समेत विभिन्न जगहों पर आतंकवाद रोधी अभियान के मद्देनजर उनकी यह यात्रा महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख सुबह जम्मू पहुंचे और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षा स्थिति तथा अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए सीमावर्ती जिले पुंछ रवाना हो गए। सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल सुचिंद्र कुमार और जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल नवीन सचदेवा के साथ पुंछ में फील्ड कमांडरों की एक बैठक की अध्यक्षता की और फिर अग्रिम इलाकों की हवाई समीक्षा की।



### सैन्य प्रमुख पुंछ में हवाई अड्डे पर विशेष हेलीकॉप्टर से उतरे, अफसरों से मिले

अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने कहा कि उन्हें जमीन पर मौजूद कमांडरों द्वारा अभियानगत तैयारियों के बारे में जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने कामकाज के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए सभी रैंकों की सराहना की और उन्हें सभी मौजूदा व उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित किया। सेना प्रमुख ने कुछ सैनिकों से बातचीत भी की। अधिकारियों ने बताया कि उनका शाम को दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है। सैन्य प्रमुख पुंछ में हवाई अड्डे पर विशेष हेलीकॉप्टर से उतरे। जहां से वह सीधे पुंछ ब्रिगेड मुखयखलय गए जहां वह सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

### जनरल उपेंद्र द्विवेदी उधमपुर हेडक्वार्टर में किया काम

अधिकारियों ने बताया कि नगरोटा से लौटने बाद सेना प्रमुख जम्मू वापस आएंगे और दिन फिर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। बता दें कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उधमपुर हेडक्वार्टर की उत्तरी कमान के सेना कमांडर के रूप में कार्य किया है। यहां से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र में सभी तीन सेना कोर को नियंत्रित किया जाता है। जनरल द्विवेदी ने 2022 से 2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था।

## 32 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

## असम-अरुणाचल में बाढ़ से आफत मणिपुर में स्कूल और कॉलेज बंद




**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 7 जुलाई तक 32 राज्यों के अलग-अलग हिस्सों में भारी से अत्यधिक बारिश की चेतावनी दी है। असम में बाढ़ से 28 जिलों में 11.5 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। अरुणाचल प्रदेश में प्रमुख नदियों के खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के साथ बुधवार को भी बाढ़ की स्थिति बनी रही। उधर मणिपुर में स्कूल-कॉलेज बृहस्पतिवार तक बंद कर दिए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्यादातर प्रभावित जिलों में बाढ़ के पानी के कारण तटबंधों, सड़कों, पुलों तथा अन्य बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। इम्फाल पूर्व में सावोमबंग व क्षेत्रेइगाओ के कुछ हिस्सों में इरिल नदी का पानी उफान पर है।

## भाजपा हाईकमान की झारखंड पर पैनी निगाह हेमंत सोरेन के नहले पर दहला लगाने की जुगत

आनंद राणा ▶▶ नई दिल्ली

राजनैतिक हलचल भले ही झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को दिनभर चलती रही हों पर दिल्ली में भाजपा हाईकमान सर्तक और चौकस रहा। विधानसभा चुनाव झारखंड में जल्द ही होने वाले हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन का फिर से मुख्यमंत्री बनकर चुनाव मैदान में खम ठोंकने का फैसला भाजपा और एनडीए के अन्य सहयोगियों के लिए परेशानी का सबब तो है ही। हेमंत सोरेन को जब तक जमानत नहीं मिली थी तब तक भाजपा हाईकमान आश्वस्त था कि चंपई सोरेन की अगुवाई में झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव में इतना मजबूत नहीं होगा कि पटकनी न दी जा सके। लेकिन अब पांसा पलटता दिख रहा है। चंपई के इस्तीफे के बाद हेमंत विधायक दल के नेता चुन लिये गए हैं और वे एक दो दिन में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। हेमंत सोरेन को पांच महीनों के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली। जेल से बाहर आने के बाद से उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की अटकलें जोरों पर थी। जल्द ही चुनाव होने हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन सत्ता अपने हाथों में चाहते थे, ताकि सभी चीजों को अपने तरीके से हैंडल कर सकें।

### विस चुनाव में बाजी मारना आसान नहीं रहेगा

जाहिर है अब भाजपा के लिए राज्य के विधानसभा चुनाव में बाजी मारना उतना आसान नहीं रहेगा। राज्य में जेएमएम,कांग्रेस,राजद और सीपीआईएम का इंडिया गठबंधन 47 सीटों के साथ विधानसभा में मजबूत स्थिति में है। एनडीए के खेमे में भाजपा के 24, आजसू के 3 और एनसीपी अजित पवार का एक विधायक सहित कुल 28 की तादाद है। इनके अलावा दो निर्दलीय विधायक हैं और चार सीट फिलहाल रिक्त हैं। हालांकि इस संख्या बल के अब कोई खास मायने नहीं हैं क्योंकि अगले तीन चार महीने में विधानसभा चुनाव होने है। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भले ही 14 सीटों में से 8 जीती हों पर जेएमएम ने 3 और कांग्रेस ने दो सीटें जीतकर मुकाबले को भाजपा के पक्ष में एकतरफा नहीं होने दिया। उस वक्त हेमंत सोरेन जेल में थे और उनकी पार्टी को उनकी कमी खली। भाजपा के पास झारखंड में बाबू लाल मंराडी, अर्जुन मुंडा, सुदर्शन भगत, अरुण उरांव और गीता कोड़ा सहित कई बड़े नेताओं की लंबी लिस्ट है पर देखने वाली बात ये है कि हेमंत सोरेन के जेल जाने से उत्पन्न हुई सहानुभूति और उनकी पार्टी की सरकार के कामकाज के बावजूद भाजपा चुनाव में मतदाताओं को कितना अपने पाले में खींच सकती है। विधानसभा चुनाव में आदिवासी सुरक्षित सीटों पर भाजपा अपने प्रमुख आदिवासी नेताओं को चुनाव लड़ा सकती है। इनमें वे नेता भी चुनाव मैदान में उतारे जा सकते हैं जो जिन्हें लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। लोहरदगा से चुनाव में परास्त रहे समीर उरांव और पूर्व सांसद सुदर्शन भगत के भी चुनाव मैदान में उतरने के कयास है। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल और चाईबासा से चुनाव हार चुकीं गीता कोड़ा को भी भाजपा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी घोषित कर सकती है।

## हाथरस भगदड़

### पुतिन व किशिदा सहित कई देशों ने जताया शोक

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में मारे गए 121 लोगों के मामले को लेकर दुनियाभर से शोक-संवेदनाएं प्रकट की जा रही हैं। इसमें बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने अपने संदेश में इस हादसे को लेकर शोक व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की है।

वहीं, भारत में मौजूद चीन, इजरायल, जर्मनी और फ्रांस जैसे देशों के राजनयिकों ने भी घटना पर शोक जताते हुए अपनी संवेदनाएं प्रकट की हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस दुखद हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना शोक संदेश भेजा है।

## मरम्मत जारी थी

### बिहार के सिवान में एक और पुल ढहा, 15 दिन में ऐसी सातवीं घटना

**सीवान (भाषा)।** बिहार के सिवान जिले में गंडकी नदी पर बने पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया। यह पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। जिले के देवरिया ब्लॉक में स्थित यह छोटा पुल कई गांवों को महाराजगंज से जोड़ता है। इस घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। पिछले 11 दिन में सिवान में पुल ढहने की यह दूसरी घटना है। उप विकास आयुक्त ने बताया कि पुल गिरने के असल कारणों की जांच की जा रही है।

■ इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली

## उच्चतम न्यायालय

### जमानत की अवधि दो माह सीमित करने का हाईकोर्ट का आदेश गलत

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने उड़ीसा उच्च न्यायालय के उस आदेश को ''त्रुटिपूर्ण'' करार दिया है जिसमें स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को दी गई जमानत की अवधि दो महीने के लिए सीमित कर दी गई थी। पीठ ने शीर्ष अदालत द्वारा पूर्व में पारित एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि यह अब पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि त्वरित सुनवाई के अधिकार को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है तथा यह जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार से निकटता से जुड़ा हुआ है।

## पॉक्सो केस में टिप्पणी

### न्यायालय के आदेश महज मनोरंजन के लिए नहीं उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली(भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने यौन उत्पीड़न मामले में नाबालिग से पूछताछ करने संबंधी उसके आदेश का पालन न करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से बुधवार को अप्रसन्नता जाहिर की और कहा कि अदालत 'महज मनोरंजन के लिए' कोई आदेश पारित नहीं करती। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने अभियोजन पक्ष को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले में पीड़िता से पूछताछ करने के लिए सप्ताह का समय दिया व चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर ऐसा नहीं किया गया तो वह गृह सचिव को तलब करेगी।




## अस्ताना में एससीओ का शिखर सम्मेलन

# जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री के समक्ष नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को यहां रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के समक्ष युद्ध क्षेत्र में भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने मंगलवार को यहां पहुंचे। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर आज खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समकालीन मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। दिसंबर 2023 में हमारी आखिरी



मुलाकात के बाद से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा की।'' दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। जयशंकर ने पोस्ट में कहा कि भारतीय नागरिकों को लेकर अपनी गंभीर चिंता जतायी जो अभी युद्ध क्षेत्र में हैं। उनकी सुरक्षित तथा जल्द वापसी पर जोर दिया।'' उन्होंने बैठक की तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। उन्होंने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को यहां कजाखस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार तथा विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की थी। जयशंकर ने नूरतलेउ के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। नूरतलेउ विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। ननननन

### महाराष्ट्रः जीका मामले सामने आने के बाद केंद्र ने जारी किया परामर्श

न दिल्ली, तीन जुलाई (भाषा) महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ मामले सामने आने के बाद, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों को परामर्श जारी कर स्थिति की निरंतर निगरानी बनाये रखने का निर्देश दिया। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस जांच कराये जाने पर ध्यान दें तथा संक्रमित पाई जाने वाली महिलाओं के भ्रूण के विकास की निगरानी करें। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल द्वारा जारी परामर्श के अलावा, मंत्रालय ने स्वास्थ्य संस्थानों को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया, जो परिसरों के एडीज मच्छरों के संक्रमण से मुक्त रखने की निगरानी और कार्रवाई करेंगे। जीका वायरस संक्रमण एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। इस मच्छर से डेंगू और चिकनगुनिया भी होता है।

■ निरंतर निगरानी बनाये रखने का निर्देश

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25